



दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन




वर्ष 52/ अंक 318/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 13 जुलाई 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in


सांध्यप्रकाश विशेष

## अमित शाह की नसीहत के बाद भाजपा का संगठन मुस्तैद





**भोपाल।** अमित शाह की बैठक के बाद भाजपा के बड़े नेता बुधवार शाम फिर जुटे। प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी कोर कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक में अमित शाह के चुनाव जीतने के मंत्र 'विजय संकल्प अभियान' की रूपरेखा तैयार किया गया। पार्टी ने 15 से 17 जुलाई तक पार्टी के सभी विधायकों और सांसदों को भोपाल बुलाया है ताकि उन्हें अमित शाह की मंशा समझाई जा सके और पार्टी को चुनाव के लिए तैयार किया जाए। अमित शाह के फार्मूले पर अमल शुरू हो गया है। शाह की नसीहत के बाद से ही मध्य प्रदेश भाजपा का संगठन एक्टिव हो गया है।

प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने आज की बैठक के बाद जानकारी दी कि विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जीत का मंत्र दिया था। उनके दिए गए टास्क पर अमल शुरू कर दिया गया है। इस बैठक से जुड़े मुद्दों पर ही आज की बैठक में चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को चुनावी मोड में आने के लिए कहा गया। इसके अलावा बैठक में चुनावी कैलेंडर पर चर्चा की गई।

बुधवार दोपहर करीब साढ़े 3 बजे केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा सहित भाजपा कोर कमेटी के सदस्य बैठक में शामिल होने पहुंचे। करीब तीन घंटे चली बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस कर्नाटक में जो जीरो वॉट का बल्ब आ गया है, उसी से लग रहा कि कितनी रोशनी हो गई। यह भ्रम उनका है, जो बना रहना चाहिए। 64 हजार बूथों पर हमारे प्रहरी तैयार खड़े हैं। भाजपा को कमलनाथ और दिग्विजय सिंह जैसे लोगों से सर्टिफिकेट लेने की जरूरत नहीं। गुजरात और उत्तर प्रदेश में देख लें। कुछ दिन बाद मध्यप्रदेश को भी याद कर लेना।

## अक्षय कुमार की ओएमजी 2 पर सेंसर बोर्ड ने लगाई रोक, सर्टिफिकेट देने से किया इनकार!




अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी की फिल्म ओ माय गॉड पिछले काफी दिनों से चर्चा में है। सावन के इस पावन महीने में मेकर्स ने फिल्म का टीजर रिलीज किया था। जो सभी को बेहद पसंद आया था।लेकिन अब ओएमजी 2 को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल, मीडिया खबरों के अनुसार अक्षय कुमार अभिनीत इस फिल्म पर सेंसर बोर्ड ने रोक लगा दी है। सेंसर बोर्ड ने अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम की आने वाली फिल्म ओएमजी 2 पर रोक लगा दी है। कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है।

## महू के आसपास बाघ की लोकेशन मिली, किसी गांव में नहीं घुसा



**इंदौर।** महू के आसपास का इलाका पिछले कई दिनों से बाघ से भयभीत है। महू रेंज की बड़गोंदा नर्सरी वाले वन क्षेत्र में बाघ लगातार नजर आ रहा है। मंगलवार को भी फिर बाघ नखेरी नदी, बालाजी मंदिर, बडग़ोंदा नर्सरी के आसपास घूमता नजर आया। ग्रामीणों ने उसे देखा, बल्कि यह कैमरे में भी नजर आया। दो महीने से नखेरी नदी, बाला मन्दिर, बडग़ोंदा नर्सरी, मेंडली गांव के आसपास का इलाका इसके घूमने की जगह बना हुआ है। वह इसी इलाके घूम रहा है। मई-जून से लेकर अभी तक महू और मानपुर के लगभग 20-40 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में हर तीसरे-चौथे दिन उसके मूवमेंट की जानकारी और पंजे के निशान मिल रहे हैं।

मंगलवार को फिर बाघ नखेरी नदी, बालाजी मंदिर, बडग़ोंदा नर्सरी के आसपास घूमता नजर आया। ग्रामीणों ने इसे देखा और वन विभाग के कैमरों में भी नजर आया। रेंजर वैभव उपाध्याय ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने पहुंचकर सर्चिंग ऑपरेशन चलाया। इस दौरान बड़ी दूर तक पंजे के निशान पाए, जिसका मिलान करने पर बाघ के पंजों के निशान पाए गए। इसके बाद आसपास के गांव में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है, साथ ही गांववालों को बाघ की मौजूदगी से सावधान किया गया है।

बाघ की लोकेशन मिलने पर भी उसे पकड़ न पाने के बारे में महू के रेंजर उपाध्याय का कहना है कि हमारा काम या मकसद किसी वन्यजीव को पकडऩा नहीं है, क्योंकि जंगल तो उनका घर है। मगर जब वो रहवासी बस्तियों या गांव के आसपास या गांव में घुस आते हैं तो हमारी टीम उन्हें पकडक़र वापस जंगल में ही छोड़ देती है। हमारे विभाग के सर्च ऑपरेशन का उद्देश्य वन्यजीवों, मतलब बाघ, तेन्दुआ को रहवासी इलाकों में घुसने से रोकने के अलावा शिकारियों से बाघ व तेन्दुओं को और वन्यप्राणियों से गांव में रहने वालों को बचाना होता है।



# राष्ट्रपति मुर्मू को सिंधिया ने दिखाया जयविलास पैलेस

### राज्यपाल, मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने की अगवानी





**ग्वालियर।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू आज एक दिवसीय प्रवास पर ग्वालियर पहुंचीं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उनकी अगवानी की। विमानतल से वे जीवाजीराव सिंधिया म्यूजियम जयविलास पैलेस देखने पहुंची, जहां केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं उनकी पत्नी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया ने उनकी अगवानी की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जयविलास पैलेस में संग्रहालय व गैलरी को देखा। इस दौरान उन्होंने स्कूली छात्रों व छात्राओं से बात की। साथ ही उन्हें चॉकलेट सहित अन्य उपहार भी दिए। जयविलास पैलेश के पोर्च से लेकर अंदर तक जगह जगह नृत्यकलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर स्वागत किया। जयविलाश पैलेस में जय विलास पैलेस में हिंद स्वराज गैलरी का अवलोकन किया।





### बगैर प्याज और लहसुन का भोजन, उड़िया, मराठी और नेपाली डिश परोसी गई


13 जुलाई को भारत की दूसरी महिला राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी ग्वालियर पधारेंगी । अपने दौरे में वह शहर में स्थित आईआईआईटीएम कॉलेज में तो जाएंगी ही, साथ ही साथ वे जय विलास महल भी जाएंगी। वे सिंन्धिया राज परिवार के इस शाही महल में लगभग ढाई घण्टे बिताएंगी। इस बीच वे सिंधिया परिवार के साथ म्यूजियम घूमेंगी और शाही डिनर भी करेंगे।

### इन चीजों का भोजन में नही होगा उपयोग

बताया जा रहा है कि श्रीमति मुर्मु जी ग्वालियर महल के संग्रहालय का दौरा तो करेंगी साथ ही साथ पूरे सिंधिया परिवार के साथ दोपहर का भोजन भी करेंगी। उनके विशेष खाने के लिए अनेक बावर्ची लगे हुए है। व्यंजन बनाने वालों को खास आदेश है कि किसी भी व्यंजन में अदरक, लहसन, प्याज, काला नमक और चाट मसाला नही डाला जाएगा। यह ध्यान में रखते हुए कि राष्ट्रपति सिर्फ सात्विक भोजन खाती है -हर व्यंजन को ध्यान से बनाया जा रहा है । खाने की विशेष बात यह है की इसमें महाराष्ट्र, ओडिशा और नेपाल के कई विशेष व्यंजन है।

## अश्विन 700+ इंटरनेशनल विकेट लेने वाले तीसरे इंडियन

**नई दिल्ली।** भारत-वेस्टइंडीज में पहले टेस्ट का पहला दिन टीम इंडिया के ऑफ स्पिन रविचंद्रन अश्विन के नाम रहा।




उन्होंने टेस्ट करियर में 33वीं बार 5 विकेट लिए, जिसके चलते विंडीज टीम 150 रन पर ही ऑलआउट हो गई। पारी में सबसे ज्यादा 5 या उससे ज्यादा विकेट लेने गेंदबाजों में अश्विन ने जेम्स एंडरसन को पीछे छोड़ा। अश्विन ने अपने इंटरनेशनल करियर में 700 विकेट पूरे किए। इसी के साथ वह सबसे ज्यादा 96वे बोल्ड करने वाले भारतीय भी बने।

## शाजापुर में चीलर नदी उफनी, विदिशा के 20 गांव में बाढ़, 25 घर गिरे, आज इंदौर-उज्जैन में अलर्ट



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के इंदौर-उज्जैन संभाग के 5 जिलों में मौसम विभाग ने अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इंदौर, धार, रतलाम, मंदसौर और नीमच में 24 घंटे में 8 इंच तक बारिश हो सकती है। आधे प्रदेश यानी 29 जिले ऐसे हैं, जहां भारी बारिश की संभावना है। इनमें इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, सागर, ग्वालियर-चंबल, शहडोल के जिले शामिल हैं।

### विदिशा जिले चीलर नदी उफान पर

लगातार बारिश के कारण शाजापुर शहर के बीच से गुजरी चीलर नदी उफान पर आ गई। पुलिया से पानी बह रहा है। शहर दो हिस्सों में बंट गया। रायसेन के बेगमगंज में हुई तेज बारिश से बीना नदी उफान पर चल रही है। नर्मदा, पार्वती नदी का जलस्तर भी बढ़ रहा है। विदिशा के सिरोंज, कुरवाई और गंजबासौदा क्षेत्र के लगभग 20 गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए। विदिशा में सबसे अधिक नुकसान ग्राम मदउखेड़ी, इमलिया और फतेहपुर में हुआ है। इन तीनों गांवों में ही 25 से अधिक लोगों के घर धराशायी हो गए। नरेन नदी में उफान आने से विदिशा-अशोक नगर हाईवे बुधवार रात 8 बजे तक बंद रहा। घटवार में स्कूल की बाउंड्रीवाल गिर गई।

### दिल्ली में यमुना खतरे के निशान से 3 मीटर ऊपर: 3 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद, पीने के पानी का संकट, राजधानी में भारी वाहनों की एंट्री पर रोक

**नई दिल्ली।** हरियाणा के हथनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ जैसे हालात हैं। गुरुवार सुबह 10 बजे यमुना का जलस्तर 208.53 मीटर पर पहुंच गया। यह खतरे के निशान 205 मीटर से 3 मीटर ज्यादा है। यमुना वजीराबाद से ओखला तक 22 किमी में है। केंद्रीय जल आयोग को आशंका है कि गुरुवार दोपहर तक जलस्तर 209 मीटर पहुंचने पर ज्यादातर इलाके जलमग्न हो जाएंगे। यहां हृष्ठक्रस्न की 12 टीमें तैनात की गई हैं।

प्रधानमंत्री दो दिनी फ्रांस यात्रा पर रवाना

## दक्षिण और पश्चिमी दुनिया के बीच पुल के रूप में भारत की भूमिका: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह दिल्ली से अपनी दो दिवसीय फ्रांस यात्रा के लिए रवाना हो गए। प्रधानमंत्री मोदी 13 और 14 जुलाई को फ्रांस में रहेंगे। इस दौरान वह 14 जुलाई को फ्रांस के बास्तील दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। पीएम मोदी के दौरे से पहले प्रसिद्ध फ्रांसीसी अखबार लेस इकोस ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर उनका इंटरव्यू लिया।

एक विदेशी मीडिया के साथ इस इंटरव्यू (साक्षात्कार) में प्रधानमंत्री ने वैश्विक दक्षिण और पश्चिमी दुनिया के बीच पुल के रूप में भारत की भूमिका पर जोर दिया।

पीएम मोदी ने लेस इकोस को बताया कि वैश्विक दक्षिण के अधिकारों को लंबे समय से नकारा गया है। उन्होंने कहा, इसके परिणामस्वरूप इन देशों में पीड़ा की भावना है। ब्रेटन वुड्स अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में व्यापक फेरबदल के प्रबल समर्थक प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि भारत अब दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला है और उसे अपना उचित स्थान पुनः प्राप्त करने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता पर पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र के लिए सिर्फ विश्वसनीयता का मुद्दा नहीं है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद दुनिया के पक्ष में बोलने का दावा कैसे कर सकती है जब इसका सबसे अधिक आबादी वाला देश और इसका सबसे बड़ा लोकतंत्र इसका स्थायी सदस्य नहीं है?

पीएम मोदी ने कहा कि मुझे लगता है कि दुनिया का नेता अत्यंत गंभीर है और भारत को अहंकार नहीं करना चाहिए या कोई पद नहीं लेना चाहिए। मैं वास्तव में महसूस करता हूं कि हमें संपूर्ण वैश्विक दक्षिण के लिए सामूहिक शक्ति और सामूहिक नेतृत्व की आवश्यकता है, ताकि इसकी आवाज अधिक मजबूत हो सके और पूरा समुदाय अपने लिए नेतृत्व कर सके। पीएम मोदी ने कहा कि जी20 की हमारी अध्यक्षता की शुरुआत में



जनवरी, 2023 में मैंने वैश्विक दक्षिण का एक शिखर सम्मेलन बुलाया। जिसमें 125 देशों ने भाग लिया। इस बात पर सबकी सहमति थी कि भारत को वैश्विक दक्षिण के मुद्दों को मजबूती से उठाना चाहिए। भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान, एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की थीम के तहत हमने वैश्विक दक्षिण की आवाज बनना एक प्रमुख लक्ष्य बनाया है। हमने वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं और हितों को जी-20 के विचार-विमर्श और निर्णयों के केंद्र में लाने का प्रयास किया है। मैंने अफ्रीकी संघ को जी-20 में स्थायी सदस्यता देने का प्रस्ताव रखा है।

## इंदौर में पटवारी भर्ती फर्जीवाड़े के विरोध में कलेक्टोरेट घेरा

**भोपाल।** इंदौर और भोपाल में गुरुवार को नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के नेतृत्व में हजारों की संख्या



में स्टूडेंट्स सड़क पर उतर आए। पटवारी व अन्य भर्ती में गड़बड़ी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे स्टूडेंट्स ने दोपहर करीब 12.30 बजे इंदौर कलेक्टर ऑफिस का घेराव कर दिया।

इंदौर में प्रदर्शनकारी छात्र सड़क पर ही बैठ गए हैं। घेराबंदी के चलते कलेक्टर ऑफिस इलाके में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। जाम लग गया है। एसडीएम अंशुल खरे ज्ञापन लेने पहुंचे हैं लेकिन प्रदर्शनकारी कलेक्टर इलैयाराजा टी से मिलकर ही ज्ञापन देना चाहते हैं। स्टूडेंट्स सरकार से सभी भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी की सीबीआई जांच करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कानून बनाकर पेपर लीक के दोषी को उम्रकैद की सजा कराई जाए।

# राजनीतिक दलों के लिए चंदे का मुख्य स्रोत चुनावी बॉन्ड हैं: एडीआर रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** थिंक टैंक एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2016-17 और 2021-22 के बीच राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त सभी दान में से आधे से अधिक चुनावी बॉन्ड के माध्यम से प्राप्त हुए थे और भाजपा को अन्य सभी राष्ट्रीय दलों की तुलना में अधिक धन प्राप्त हुआ।

द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने 2016-17 और 2021-22 के बीच राजनीतिक दलों को मिले चंदे का विश्लेषण किया है. रिपोर्ट के अनुसार, सात राष्ट्रीय पार्टियों और 24 क्षेत्रीय दलों को चुनावी बॉन्ड से कुल 9,188.35 करोड़ रुपये का दान मिला, जिसमें से भाजपा का हिस्सा 5,271.9751 करोड़ रुपये था, जबकि अन्य सभी राष्ट्रीय दलों ने मिलकर 1,783.9331 करोड़ रुपये एकत्र किए।

अखबार के अनुसार, यह समय अवधि महत्वपूर्ण है क्योंकि इस दौरान चुनावी फंडिंग के उद्देश्य से चुनावी बॉन्ड योजना 2018 पेश की गई थी और साथ ही वित्त अधिनियम 2017 ने राजनीतिक दान के लिए कंपनी के औसत तीन साल के शुद्ध लाभ की 7.5 प्रतिशत की पिछली सीमा को हटा दिया था।


रिपोर्ट में गुमनाम चुनावी बॉन्ड से दान, कॉरपोरेट घरानों से प्रत्यक्ष दान और सांसदों/विधायकों जैसे स्रोतों से अन्य दान, बैठकों से योगदान और मोर्चों से योगदान और पार्टी इकाइयों द्वारा संग्रह का विश्लेषण किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, छह साल की अवधि के दौरान विश्लेषण किए गए 31 राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त कुल दान 16,437.635 करोड़ रुपये है, जिसमें से 55.90 प्रतिशत चुनावी बॉन्ड से, 28.07 प्रतिशत कॉरपोरेट क्षेत्र से और 16.03 प्रतिशत अन्य स्रोतों से प्राप्त हुआ था। राष्ट्रीय पार्टियों के लिए वित्त वर्ष 2017-18 और वित्त वर्ष 2021-22 के बीच चुनावी बॉन्ड से मिलने वाले चंदे में 743 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि कॉरपोरेट चंदे के लिए यह बढ़ोतरी केवल 48 प्रतिशत है।

एडीआर ने कहा कि 80 प्रतिशत से अधिक चंदा (लगभग 13,190.68 करोड़ रुपये) राष्ट्रीय पार्टियों को और 3,246.95 करोड़ रुपये (19.75 प्रतिशत) क्षेत्रीय दलों को मिला।

रिपोर्ट के अनुसार, चुनावी बॉन्ड के जरिये अधिक चंदा प्राप्त करने वाली दूसरी पार्टी कांग्रेस रही. इसने 952.2955 करोड़ रुपये (अपने कुल दान का 61.54 प्रतिशत) के बॉन्ड से मिलने की घोषणा की, इसके बाद तृणमूल कांग्रेस ने 767.8876 करोड़ रुपये (93.27 प्रतिशत) की घोषणा की। रिपोर्ट के अनुसार, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) को अन्य स्रोतों से 100 प्रतिशत चंदा मिला, जिसका अर्थ है 20,000 रुपये से कम का चंदा, जिसके लिए राजनीतिक दलों को दानकर्ता का विवरण घोषित करने की आवश्यकता नहीं है।


- शेष पेज 6 पर



### भाजपा को सात साल में अन्य पार्टियों से तीन गुना ज्यादा चंदा मिला

भाजपा को अन्य सभी राष्ट्रीय दलों की तुलना में तीन गुना अधिक चंदा मिला, जिसमें से 52 प्रतिशत से अधिक चुनावी बॉन्ड के माध्यम से मिला. भाजपा को लगभग 32 प्रतिशत चंदा कॉरपोरेट घरानों से आया। भाजपा के कुल डोनेशन का 52 प्रतिशत से अधिक चुनावी बॉन्ड से आया, जिसकी कीमत 5,271.9751 करोड़ रुपये है, जबकि अन्य सभी राष्ट्रीय दलों ने 1,783.9331 करोड़ रुपये एकत्र किए। रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा को चंदे का 4,614.53 करोड़ रुपये (लगभग 28 प्रतिशत) कॉरपोरेट क्षेत्र से प्राप्त हुआ और 2,634.74 करोड़ रुपया (16.03 प्रतिशत) अन्य स्रोतों से।

# आज याद आए कल्पेश जी




कीर्ति राणा

इंदौर में रहे हुए कोई पत्रकार दिल्ली सहित अन्य महानगरों की पत्रकारिता को चुनौती दे सकता है तो बीते तीन-चार दशकों में एक ही नाम ही बार बार सामने आता रहा कल्पेश याग्निक।कल्पेश जी पर मेरा यह सब लिखना कई मित्रों को शायद गले ना उतरे लेकिन जो हकीकत है उसे कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है।

वो जो हर आदमी के निधन को अपूरणीय क्षति बताया जाता है तो कल्पेश जी का असमय चले जाना हिंदी पत्रकारिता की वाकई अपूरणीय क्षति है। यही नहीं उन असंख्य युवा पत्रकारों के लिए भी सपना टूट जाने जैसा ही है जो हिंदी पत्रकारिता में अपना नाम रोशन करने के लिए कल्पेश जी के साथ काम करना चाहते थे। कल्पेश जी जिस तरह खबर समझाते और रिपोर्टर से काम लेते थे, खबर छप जाने के बाद संबंधित रिपोर्टर को खुद पर भरोसा नहीं होता था कि इतनी दमदार खबर उसने ही लिखी है।

उनके द्वारा फोटो जर्नलिस्ट नामकरण करने से पहले तक अखबारों से जुड़े इन मित्रों को फोटोग्राफर ही कहा जाता था। उनका तर्क रहता था स्टूडियो और शादी-पार्टी के लिए काम करने वाले फोटोग्राफर होते हैं। अखबारों में काम करने वाले आप लोग फोटो जर्नलिस्ट हो क्यों कि रिपोर्टर की चार कॉलम खबर से कई बार आप का फोटो खुद सारी खबर कह देता है। मंथली मीटिंग हो या रिपोर्टर्स के साथ मार्निंग मीटिंग, वो पत्रकारों में अपनी बात समझाने के तरीके से इतना जोश भर देते थे कि रिपोर्टर को अहसास होने लगता था कि अखबार में सबसे महत्वपूर्ण वही है।कार्टूनिस्ट से लेकर डिजाइनर तक से वह लगातार तब तक मेहनत कराते रहते जब तक खबर विशेष या संडे स्टोरी के लिए मनमाफिक काम उभर कर नहीं आ जाता। जब जब वो पेज वन बनवाने बैठते थे उस दिन प्रिंटिंग इंचार्ज बार-बार आकर याद दिलाते रहते थे सर, आज फिर लेट हो जाएगा सिटी एडिशन। रात दो बजे अखबार छूटने के बाद पेज वन, सिटी आदि डेस्क के साथियों से उनकी चर्चा शुरु होती जिसमें हाथोंहाथ वो प्रिंट के लिए छोड़ चुके पेज वन को और कैसे बेहतर बना सकते थे यह समीक्षा तो करते ही साथ ही यह भी बताने से नहीं चूकते कि बाकी अखबार इसी खबर को चाहे जैसा खेलें लेकिन हमसे बेहतर नहीं कर पाएंगे। उनकी बात कहने के अंदाज, उनके आयडियेशन और सम्मोहित करने वाली शैली का ही यह असर रहा कि कई संपादक-पत्रकारों ने उनके मोबाइल नंबर से मिलते जुलते नंबर वाली सिम लेने, तो कई ने उनका फोटो अपने पर्स में रखने को उनकी तरह पत्रकारिता करने का सिद्ध मंत्र तक मान लिया था।



मध्य प्रदेश में आम आदमी पार्टी और हुई मजबूत। श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामगिरी जी महाराज आम आदमी पार्टी में हुए शामिलआप के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ संदीप पाठक ने उन्हें सदस्यता दिलाई और आम आदमी पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के प्रभारी और दिल्ली के विधायक बीएस जून भी मौजूद रहे।

# लायंस क्लब मैजेस्टिक द्वारा नेत्र शिविर आयोजित



**भोपाल ।** लायन रीता दलेला डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर नेत्र सुरक्षा के नेतृत्व में अपना घर वृद्ध आश्रम में एक नेत्र शिविर आयोजित किया गया जिसमें आश्रम के सभी रहवासियों का लायन डॉक्टर विनीता रमनानी और उनकी टीम द्वारा लगभग चालीस लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया ! डाक्टर की सलाह अनुसार पेशेंटस् को दवाईयों एवं चश्में प्रदान किये गये ! इस शिविर के आयोजन में लायन अलका त्रिपाठी, अध्यक्ष लायंस क्लब मैजेस्टिक, सचिव लायन लायन रचना चौबे, लायन रंजना देशमुख, लायन वैशाली मिश्रा एवं अपना घर की संचालिका माधुरी मिश्रा ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# आदिवासी छात्राओं के साथ छेड़खानी के विरुद्ध सड़कों पर उतरी एनएसयूआई

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में आदिवासी नाबालिग छत्राओं से छेड़छाड़ का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। कांग्रेस की छात्र संगठन एनएसयूआई ने आरोपी एसडीएम के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। भोपाल एनएसयूआई ने छात्राओं को न्याय दिलाने की मांग को लेकर बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्र संगठन ने आरोपी एसडीएम को फांसी की सजा देने की मांग की।

बुधवार दोपहर छात्र नेता राजवीर सिंह के नेतृत्व में कई दर्जन छात्र-छात्राएं और एनएसयूआई कार्यकर्ता भोपाल के कोलार इलाके में इकट्ठा हुए। इस दौरान उन्होंने झाबुआ में एसडीएम सुनील कुमार झा द्वारा आदिवासी छात्र छात्राओं के साथ छेड़खानी और दुर्व्यवहार किए जाने विरुद्ध विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की। साथ ही आरोपी एसडीएम के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई और उसे कठोर दण्ड देने की मांग की। इस दौरान छात्र नेता राजवीर सिंह ने बताया कि झाबुआ में मंगलवार को आदिवासी छात्रावास में एसडीएम सुनील कुमार झा द्वारा छात्राओं के साथ जबरदस्ती कमरे में बुलाकर उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। आदिवासी छात्राओं के साथ छेड़खानी की गई अकेले कमरे में गलत तरीके से गलत शब्दों का उपयोग करके छात्राओं से अश्लील बातें की। छात्राओं को गलत तरीके से टच किया गया। इस घटना की जितनी भर्त्सना की जाए कम है। राजवीर ने पूछा कि, प्रदेश में जब भी आदिवासियों के साथ अत्याचार होता है तो आरोपी हमेशा शासकीय अधिकारी अथवा भाजपा का सदस्य ही क्यों निकलता है? सबसे पहले सीधी जिले में भाजपा विधायक के प्रतिनिधि ने एक आदिवासी के चेहरे पर मूत्र विसर्जन किया, इसके बाद इंदौर जिले के राऊ में दो आदिवासी युवकों की बर्बर पिटाई की गई और अब झाबुआ से यह घृणित समाचार सामने आया है। इन सब घटनाओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि सत्ता के मद में चूर भाजपा के कार्यकर्ता और शिवराज सरकार के मदमस्त अधिकारी अपनी घिनौनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। राजवीर ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह के कुकृत्य सीएम शिवराज सिंह चौहान के सह पर ही किए जाते हैं। इस दौरान जितेंद्र विश्वकर्मा, जीशान खान, सत्यम सिंह परिहार, राज जयसवाल, सेवंती नागले, सविता पटेल, सेम्स तबरेज, जाहिद खान, आमिर अंसारी, रितिक शर्मा, रेहान खान, अमरीश तिवारी, फरदीन, आदि कार्यकर्ता व छात्र मौजूद थे।



# महाकाल मोशन पिक्चर्स की चैयरमैन मंजू गौतम ने 500 अमरनाथ यात्रियों को नाश्ते व फलाहार के पैकेट बांटे

**भोपाल।** प्रति वर्ष अनुसार इस बार भी बर्फानी धाम अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले भक्तों के लिए महाकाल मोशन पिक्क्स की चैयरमैन फिल्म निर्माता निर्देशक मंजू गौतम ने 500 अमरनाथ भक्तो को नाश्ते व फलाहार के पैकेट बांटे। इस अवसर पर रिंकू भटेजा, गुड्डू अग्रवाल, सविता ठाकुर, आकाश गौतम, मोनू चौरसिया, सत्य प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# प्रकाश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छात्र मंत्री परिषद के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन




**संत हिरदाराम नगर।** हिरदाराम नगर के प्रकाश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शांतिनगर में छात्र मंत्री परिषद के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में किशन सूर्यवंशी अध्यक्ष नगर निगम भोपाल, मुख्य अतिथि के रूप पधारे एवं जगदीश यादव जिला महामंत्री भाजपा भोपाल विशिष्ट अतिथि के रुप में पधारें। मोहन से पवार प्रोफेसर बी एड डिपार्टमेंट ऋ्ष्ठस्न यूनिवर्सिटी भी समारोह में शामिल हुए ।विद्यालय प्रबंधक फादर हबील मिंज एवं विद्यालय प्राचार्य फादर प्रफुल्ल चंद इंदवार ने इस समारोह में सभी माननीय अतिथियों का शॉल एवं पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया। मुख्य अतिथि किशन सूर्यवंशी के द्वारा शाला नायक एवं शाला नायिका को उनके पद की शपथ दिलाई गई तथा विशिष्ट अतिथि जगदीश यादव के द्वारा मंत्री परिषद के सदस्यों को उनके पद की शपथ दिलाई गई साथ ही मोहन सिंह पवार ने हाउस लीडर एवं बैंड लीडर को उनके पद की शपथ दिलाई। विद्यालय प्रबंधक फादर हबील मिंज बताया कि प्रकाश विद्यालय के होनहार छात्र अजय चौकसे ने विद्यालय का नाम रोशन किया है अतिथियों द्वारा विद्यालय की वार्षिक थीम 2023 24 का उद्घाटन किया गया ।इसके साथ ही विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। अंत में शाला नायक अविनाश तड़वी तथा शाला नायिका दीपिका तोप्नो द्वारा सभी अतिथियों को धन्यवाद प्रेषित किए गए

# स्मोकिंग गन्स शूटिंग क्लब ने कई पदक जीते



**भोपाल।** स्मोकिंग गन्स शूटिंग क्लब ने हाल की प्रतियोगिताओं में अपने प्रतिभाशाली निशानेबाजों की उपलब्धियों की घोषणा की है। इन प्रतिभागियों ने न केवल कई पदक जीते हैं, बल्कि आगामी प्री-नेशनल इवेंट के लिए अपनी योग्यता भी प्राप्त की है। खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण और दृढ़ता को उचित रूप से पुरस्कृत किया गया है और क्लब उनकी उपलब्धियों पर गर्व महसूस कर रहा है।

स्मोकिंग गन्स शूटिंग क्लब के अध्यक्ष विक्रम सिंह के प्रमुखता में, क्लब ने जबलपुर और महू में आयोजित 10वीं जीएफजी एवं 26वीं मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिताओं में उत्कृष्टता प्रदर्शित की। क्लब के निशानेबाजों ने मध्य प्रदेश राज्य के निशानेबाजों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए अपने कौशल और संकल्प की प्रशंसा की। उनके अद्वितीय प्रदर्शन ने विभिन्न श्रेणियों में एक शानदार पदक जीते, जो निशानेबाजी के क्षेत्र में उनकी प्रतिभा को उजागर करता है।

क्लब के अध्यक्ष विक्रम सिंह ने इस वर्ष की अपार सफलताओं के लिए पार्टनर और मुख्य कोच श्री साद शाह को हार्दिक बधाई दी है। इसके पीछे हैं उनके मार्गदर्शन और विशेषज्ञता, जिसके बदौलत हमारे खिलाड़ी इतनी उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर रहे हैं। कुल मिलाकर, क्लब के निशानेबाजों ने 50 मीटर राइफल श्रेणी में प्री-नेशनल इवेंट के लिए 19 योग्यताएं प्राप्त की हैं, और 10 योग्यताएं प्राप्त की हैं 10 मीटर एयर राइफल और एयर पिस्टल श्रेणी में। इन अद्वितीय प्रदर्शनों के बाद, क्लब के निशानेबाजों को सितंबर में आयोजित होने वाले प्री-नेशनल इवेंट के लिए योग्य स्थान मिला है।

# संस्कार संस्था के अध्यक्ष नन्हे मुन्हे बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन

**संत हिरदाराम नगर।** दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में म.प्र. आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं संस्कार संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी का जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने संस्कार परिवार की ओर से वासवानी को जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी एवं उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। संस्था के कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव ने सुशील वासवानी को जन्म दिन की बधाई देते हुए कहा कि आप इसी तरह संस्था के अध्यक्षीय पद पर रहकर विद्यालय के विकास में सहयोग करते रहें। संस्था के अध्यक्ष श्री सुषील वासवानी ने सबको सम्बोधित करते हुए कहा कि इन नन्हे मुन्हे बच्चों के बीच जन्मदिन मनाने में बहुत ही आनन्द के क्षणों को महसूस कर रहा हूॅ। आप सभी ने आज जो मेरे जन्मदिन के अपसर पर शुभकांमनाएं देकर और लम्बे समय तक प्रभु का आषीर्वाद बना रहें ऐसा आषीर्वाद देकर जो मेरा उत्साह बढ़ाया।



डॉ. द्विवेदी ने की राज्यपाल से मुलाकात

# एनीमिया मुक्त भारत एवं सिकल उन्मूलन में होम्योपैथी सहित आयुष की उपयोगिता पर की चर्चा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



केंद्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद आयुष मंत्रालय भारत सरकार में वैज्ञानिक सलाहाकर बोर्ड के सदस्य और वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. एके द्विवेदी ने मध्य प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगु भाई पटेल से मुलाकत की। इस दौरान डॉ. द्विवेदी ने राज्यपाल के समक्ष स्वयं के द्वारा सिकल सेल एनीमिया के इलाज में होम्योपैथिक चिकित्सा का उपयोग करते हुए सैकड़ों मरीजों की मिल रही राहत के बारे में जानकारी दी। साथ ही निवेदन किया कि यदि एनीमिया/सिकल सेल एनीमिया उन्मुलन में होम्योपैथिक तथा आयुष की सहभागिता सुनिश्चित की जाए और यदि आयुष के चिकित्सकों को इस बारे में किसी भी प्रकार की ट्रेनिंग अथवा प्रशिक्षण की जरूरत हो तो मैं उसके लिए सहर्ष सदैव तत्पर रहूंगा। इस पर राज्यपाल श्री पटेल ने डॉ. द्विवेदी द्वारा होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से किए जा रहे सिकल सेल एनीमिया के उपचार की प्रशंसा की तथा एनीमिया/सिकल सेल एनीमिया उन्मुलन में होम्योपैथिक की उपयोगिता पर उनकी सेवा लेने का आश्वासन दिया।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल से चर्चा के दौरान डॉ. द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को 2047 तक सिकल सेल एनीमिया मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किय गया है। वहीं हाल ही में शहडोल जिले में प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 की शुरुआत भी की है।

# बजरंग सेना उपनगर में घर-घर बांटेगी तुलसी का पौधा

**संत हिरदाराम नगर।** बजरंग सेना संत हिरदाराम नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में घर-घर जाकर तुलसी का पौधा नि:शुल्क वितरित करेगी। बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी तुलसी माता के पौधे एक नि:शुल्क दिए जाएंगे।

यह सेवा संत हिरदाराम नगर, पंचवटी, कैलाश नगर, लालघाटी, कोहेफिजा, ईदगाह हिल्स तक रहेगी। यह सेवा 12 अगस्त तक चलेगी। देवानी ने बताया कि तुलसी माता का पौधा घर में होने से किसी भी प्रकार की बीमारी नहीं आती। तुलसी के पत्ते पानी में डालकर पीने से कई प्रकार की बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। समिति अर्चक पुरोहित पं. राज कुमार गर्ग ने बताया कि तुलसी माता का पौधा हर घर में होना चाहिए।

## खाद्य पदार्थों के 24 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे

**भोपाल।** कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशानुसार अभिहित अधिकारी देवेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा 22 जुलाई 2023 तक सभी 12 ड्राइव पूर्ण किया जाना है। ईट राइट चैलेंज-3 के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा सर्विलेंस तथा रेग्यूलेटरी नमूना संग्रहण हेतु ड्राइव चलाये जा रहे हैं। विगत दो दिवस में पूर्ण हुये दो ड्राइव में कुल 24 नमूने एकत्र कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित किये गये हैं । बुधवार को लिये गये 12 नमूनों में अनाज, उनके उत्पादों तथा दालों मैदा, मसूर दाल, चना, चावल, पोहा, आटा, बेसन, रवा, सूजी आदि शामिल हैं । ईट राइट चैलेंज के अन्तर्गत सर्विलेंस तथा रेग्यूलेटरी नमूनों के कुल 12 ड्राइव पूर्ण किया जाकर fssai के portal foscos.fssai.gov.in में दर्ज किया जाना है।




# डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन

भोपाल। गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन द्वारा भोपाल डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन टूर्नामेंट का सफल आयोजन संपन्न हुआ गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के समापन अवसर पर अरुणेश्वर सिंह देव इस अवसर पर विजेताओं को सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो भेंट की गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन स्पोर्ट्स क्लब के आयोजक सचिव हबीब ने बताया कि इस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 644 एंट्री प्राप्त हुई एवं 601 मैच का आयोजन किया गया जी आइए द्वारा अगले वर्ष भी इस टूर्नामेंट के आयोजन का निर्णय लिया गया

# मंत्रिपरिषद की बैठक में मध्यप्रदेश क्षमता निर्माण नीति 2023 का अनुमोदन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में विधानसभा में मंत्रि-परिषद ने प्रदेश के शासकीय सेवकों की क्षमता निर्माण के लिये मध्यप्रदेश क्षमता निर्माण नीति-2023 का अनुमोदन किया। राज्य की नवीन क्षमता निर्माण नीति 2023 भारत सरकार द्वारा लागू मिशन कर्मयोगी की अवधारणा एवं विशेषताओं को सम्मिलित करते हुए और क्षमता विकास आयोग के सदस्य से परामर्श प्राप्त करते हुए तैयार की गई है। इसमें प्रत्येक विभाग के बजट में, वेतन मद में उपलब्ध बजट की एक प्रतिशत राशि से नया बजट शीर्ष मिशन कर्मयोगी बनाया जायेगा। साथ ही प्रशासन अकादमी के बजट में राशि 10 करोड़ रूपये से मिशन कर्मयोगी के नाम से नया बजट शीर्ष भी बनाया जायेगा।

भारत सरकार की राष्ट्रीय प्रशिक्षण नीति वर्ष 1996 के संदर्भ में राज्य की वर्तमान प्रशिक्षण नीति को 11 जुलाई 2001 को लागू किया गया था। भारत सरकार की वर्तमान राष्ट्रीय प्रशिक्षण नीति 19 जनवरी 2012 को लागू की गई, लेकिन राज्य की प्रशिक्षण नीति में अभी तक कोई परिवर्तन नहीं किया गया था। प्रदेश की वर्तमान प्रशिक्षण नीति लगभग 22 वर्ष पुरानी हो चुकी है, जबकि शासकीय सेवकों के भर्ती के तरीके, सूचना प्रौद्योगिकी का शासकीय कार्यों में उपयोग, विभिन्न कानूनों में परिवर्तन इत्यादि कारणों से नवीन प्रशिक्षण नीति की आवश्यकता महसूस की गई। राज्य की नयी प्रशिक्षण नीति तैयार करने के लिये महानिदेशक, प्रशासन अकादमी द्वारा सेवानिवृत्त एवं अनुभवी प्रशासनिक एवं तकनीकी परामर्शी विशेषज्ञों से परामर्श लिया गया।

**महिला स्व-सहायता समूह करेंगे उपभोक्ता शुल्क संग्रहण:** मंत्रि-परिषद ने महिला स्व-सहायता समूह द्वारा उपभोक्ता शुल्क संग्रहण के लिये नीति का अनुमोदन किया। मंत्रि-परिषद ने महिला स्व-सहायता समूह को अधिक सक्षम एवं उपभोक्ता शुल्क (टोल) संग्रहण में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये यह निर्णय लिया। निर्णय अनुसार पूर्व में उपभोक्ता शुल्क संग्रहण की स्वीकृति प्राप्त मार्गों में से दो करो? से कम वार्षिक संग्रहण आय वाले मार्गों पर उपभोक्ता शुल्क संग्रहण महिला स्व-सहायता समूह द्वारा किया जायेगा। ऐसे मार्ग का चयन के लिये मध्यप्रदेश स?क विकास निगम को अधिकृत किया गया है।

**जिला और जनपद पंचायत के अध्यक्ष के मानदेय में वृद्धि:** मंत्रि-परिषद ने जिला और जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के मानदेय में वृद्धि करने का निर्णय लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष के मानदेय एवं वाहन भत्ता को बढ़ाकर 1 लाख रूपये मासिक (मानदेय 35 हजार रूपये एवं वाहन भत्ता 65 हजार रूपये) और जिला पंचायत के उपाध्यक्ष के मानदेय एवं वाहन भत्ता को बढ़ाकर 42 हजार रूपये मासिक (मानदेय 28 हजार 500 रूपये एवं वाहन भत्ता 13 हजार 500 रूपये) किया जायेगा। साथ ही जनपद पंचायत अध्यक्ष के मानदेय को बढ़ाकर 19 हजार 500 रूपये मासिक एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष के मानदेय को बढ़ाकर 13 हजार 500 रूपये मासिक करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त पंच/उप सरपंच का अधिकतम वार्षिक मानदेय 1800 रूपये किया जायेगा। अतिरिक्त वित्तीय भार की व्यवस्था स्टाम्प शुल्क वसूली के अनुदान मद में वार्षिक अतिरिक्त वित्तीय भार लगभग 56 करोड़ 38 लाख 24 हजार 800 रूपये को अतिरिक्त रूप से उपलब्ध कराये जाने का निर्णय भी लिया गया।

**ग्राम रोजगार सहायक के बढ़े हुए मानदेय अनुसार व्यय करने की अनुमति:** मंत्रि-परिषद ने ग्राम रोजगार सहायक के भरे पद एवं रिक्त पदों की पूर्ति किये जाने पर 18 हजार रूपये प्रतिमाह की दर से मानदेय के लिये आवश्यक अतिरिक्त वार्षिक राशि 274 करोड़ 95 लाख रूपये व्यय करने की अनुमति दी। यह राशि योजना क्रमांक 4610 स्टाम्प शुल्क वसूली या योजना क्रमांक 6299 गौण खनिज मद से व्यय की जायेगी।

**8 नवीन शासकीय महाविद्यालयों की स्थापना को मंजूरी:** मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में 8 नवीन महाविद्यालयों की स्थापना, 2 महाविद्यालयों में नवीन संकाय और 3 महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर/स्नातक विषय प्रारंभ करने की मंजूरी दी है। इसके लिये कुल 489 नवीन पद सृजन, आवर्ती व्यय भार 26 करोड़ 97 लाख रूपये प्रतिवर्ष और अन्य अनावर्ती व्यय 95 करो? 68 लाख 92 हजार रूपये, इस प्रकार कुल 122 करोड़ 65 लाख 92 हजार रूपये के व्यय की स्वीकृति दी गई। खण्डवा जिले के खालवा, भोपाल के फंदा, शहडोल के बाणसागर, श्योपुरकलाँ के बड़ौदा, सीधी के मण्डवास, इंदौर के बेटमा, रीवा के हनुमना और बालाघाट के हट्टा में नवीन शासकीय महाविद्यालय स्थापित किये जायेंगे।

# मृगनयनी एवं सजीवनी परिसर में विख्यात डिजाइनरों का खास क्लेक्शन लॉन्च



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश शासन कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के समन्वय से जी.टी.बी. काम्पलेक्स स्थित मृगनयनी एम्पोरियम एवं प्राकृत शो-रूम संजीवनी आयुर्वेद परिषर लिंक रोड नम्बर एक भोपाल में फैशन डिजाइनर श्रीमती फरहत मलिक, सुश्री आयुषी अग्रवाल, साधना व्यास एवं फरहा सैय्यद द्वारा तैयार डिजाइनर क्लेक्शन लॉच किया गया। इन दोनों शो-रूम में प्रदेश के उत्कृष्ट डिज़ाइनरों द्वारा नवीन डिजाइन क्लेक्शन उत्पादों का प्रदर्शन सह विक्रय किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ अनीता दास आई.ए.एस (सेवानिवृत्त), अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग मनु श्रीवास्तव, आयुक्त सह प्रबंध संचालक संत रविदास म.प्र. हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम सूफीया फारूकी वली तथा प्रबंध संचालक म.प्र. सिल्क फेडरेशन आयुक्त रेशम मदन विभीषण नागरगोजे द्वारा किया गया। अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य हाथकरघा को बढ़ावा देने के साथ डिजाइनरों के माध्यम से युवा वर्ग को जोड़ना है, ताकि बुनकरों शिल्पकारों द्वारा हाथकरघा पर कि गई कला का प्रचार हो और कलाकारों को रोजगार मिले। इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश और प्रदेश के बाहर शिल्प मेले, प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है।

## क्या है खासियत

मिट्टी से रेशम तक प्रदेश में तैयार किए गये 100 प्रतिशत शुद्ध रेशमी वस्त्र से विभिन्न कपड़े तैयार किए गये हैं। डिजाइनरों द्वारा चंदेरी टिशु कपड़े पर कट दाना, पैच वर्क में लाग कुर्ते, गरारा-शरारा, अनारकली, लहंगा चुनरी, रेडीमेंट सूट, कुर्ते रेडी वैयर टू सेमी स्टिच डिजाइनर परिधान निर्मित किये गये है। साधना व्यास डिजाइनर द्वारा चंदरी, महेश्वरी कपड़े पर छपाई कढ़ाई एवं जरी जरदोजी, नादना एवं इन्डीगो एवं बाग प्रिन्ट उत्कृष्ट नमुने रखे गये हैं, प्राकृत के समस्त प्रोडेक्ट प्योर सिल्क (मलवरी, टसर इरी) पर विकसित किये गये है।

# युवती से अश्लील हरकत, भाई से की मारपीट

**भोपाल ।** गांधी नगर इलाके में रहने वाली युवती के साथ मोहल्ले में रहने वाले मनचले ने अश्लील हरकत कर दी, जानकारी लगने पर पीड़ीता का भाई आरोपी को समझाइश देने आया तब उसने उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 24 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में बताया की वह एक कपड़े की दुकान पर काम करती है। मोहल्ले में रहने वाला आरोपी प्रकाश बीते काफी दिनों से उस पर बुरी नजर रखे हुए था, लेकिन वह उसपर ध्यान नहीं देती थी। तीन दिन पहले दोपहर के समय युवती काम पर जा रही थी, तभी रास्ते में प्रकाश ने उसे रोकते हुए बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया और अश्लील हरकत करने लगा। युवती उसका विरोध करते हुए जैसै-तैसै उसके चुंगल से निकलकर घर पहुंची और अपने भाई को सारी बात बताई। अगले दिन भाई ने जब आरोपी प्रकाश को समझाइश देते हुए आगे से बहन को तंग न करने की बात कही तब आरोपी ने उसके साथ ही गाली-गलौच करनी शुरु कर दी। उसका विरोध करने पर प्रकाश ने उसके साथ मारपीट कर डाली। इसके बाद पीड़िता थाने पहुंची जहॉ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

# राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने राहतगढ़ से गए अमरनाथ यात्रियों को फोन कर पूछा हालचाल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

बाबा अमरनाथ की यात्रा पर गए सागर जिले की सुरखी विधानसभा क्षेत्र के राहतगढ़ से 7 यात्रियों के भूस्खलन में फंसे होने की जानकारी मिलते ही प्रदेश के राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने तुरंत यात्रियों से फोन पर बातचीत कर उनका हालचाल पूछा और उनकी व्यवस्था के संबंध में श्रीनगर के अधिकारियों से बातचीत की। दरअसल राहतगढ़ के सत्येंद्र जैन, सतीश सैनी, राजकुमार चौरसिया, सौरभ चौरसिया, नरेन्द्र भाई विश्वकर्मा, सत्येंद्र विश्वकर्मा, यशवंत कोरी बाबा अमरनाथ की यात्रा में गए थे। यात्रा से लौटते समय सभी यात्री



भूस्खलन में फस गए थे। सभी को पंखाचौक बेसकैम्प श्रीनगर में सुरक्षित ठहराया गया। उन्होंने इस सम्बंध में सागर जिला प्रशासन के साथ बुंदेलखंड के युवा नेता आकाश सिंह राजपूत को अपनी स्थिति की जानकारी दी। आकाश सिंह राजपूत ने बिना देर किए ही तुरंत राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को उक्त मामले की जानकारी देकर सभी यात्रियों को सुरक्षित राहतगढ़ लाने का अनुरोध किया। राहतगढ़ के यात्रियों के भूस्खलन में फंसे होने की जानकारी मिलते ही राजस्व एवं परिवहन मंत्री राजपूत ने पहले श्रीनगर के स्थानीय अफसरों से बात कर सभी सातों यात्रियों की सुरक्षित मध्यप्रदेश वापसी के प्रबंध करने की बात कही।

इसके अलावा उन्होंने सभी यात्रियों से बातकर उनका हालचाल पूछा। यात्रियों ने परिवहन एवं राजस्व मंत्री श्री राजपूत को बताया कि वापसी का प्रबंध हो गया है, अब उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। सभी जल्द ही राहतगढ़ पहुंच जाएंगे, साथ ही सभी ने राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं युवा नेता आकाश सिंह राजपूत द्वारा तत्परता से सहायता उपलब्ध कराने के लिए आभार जताया।

# मुख्यमंत्री को जवाब देना होगा पटवारी परीक्षा मे घोटाला क्यो हुआ: जीतू पटवारी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



भ्रष्ट अगर माथे पर तिलक लगाले तो वह ईमानदार नहीं बन जाता। बंदर सूट पहन ले तो अफसर नहीं हो जाता। यह दो कहावतें इस प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने वाली व्यापम पर लागू होता है। व्यापम का नाम बदलकर पहले पीईबी प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड किया गया फिर शिवराज जी का भाषा प्रेम जागृत हुआ अंग्रेजी की जगह हिंदी पर आए और नया नाम फिर किया कर्मचारी चयन मंडल और शिवराज जी ने इसे सामान्य प्रशासन के अंतर्गत कर दिया गया और जिसके मुखिया है हमारे आदरणीय शिवराज जी । ताकि घोटाला को व्यवस्थित तरीके से किया जा सके। जैसे व्यापम का घोटाला हुआ तो चिकित्सा शिक्षा मंत्रालय इनके पास था पोषण आहार का घोटाला हो रहा है तो महिला बाल विकास भी इनके पास है यह अलग बात है कि जो भी बड़े-बड़े और राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय चर्चित घोटाले हैं वह सारे विभाग शिवराज जी के पास क्यों होते हैं कमलनाथ सरकार आ रही है , इसका अध्ययन किया जाएगा। रिसर्च किया जायगा । 15 मार्च 2023 से 26 अप्रैल 23 तक चली पटवारी परीक्षा में 12.34 लाख विद्यार्थी ने आवेदन किया 9.74 लाख शामिल हुए । इस परीक्षा में पुरानी भर्ती परीक्षाओं में हुए घोटाले के रिकॉर्ड तोड़ दिया । 60 प्रतिशत से अधिक बोगस सिलेक्शन किया गया है । कंप्यूटर कम्पनी से मिलीभगत कर सत्ता में बैठे लोगों ने पेपर को आउट करवाया और लाखों रुपए की रिश्वत प्रति विद्यार्थी लेकर परीक्षार्थी मे सफल कराने का बड़ा खेल किया और जिस कम्पनी को आनलाइन का ठेका दिया गया था, उसे कई राज्यों में ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है । लेकिन उसका नाम उजागर नही किया जा रहा है ।

जीतू पटवारी ने पूछा परीक्षा में घोटाला वही क्यों होता है जो परीक्षा के सेंटर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के होते हैं। चाहे एनएचएम की परीक्षा हो या चाहे पटवारी चयन की परीक्षा हो । जीतू पटवारी ने बताया व्यापम लूट की दुकान हो गई और अब इसका संरक्षण मुख्यमंत्री का हो गया तो फिर कहना ही क्या 31 मार्च 2023 की स्थिति में व्यापम के पास 386 करोड़ की फीक्स डिपॉजिट है 151 करो रुपए बैंकों में बचत खाते और चालू खाते में जमा है तथा 186 करोड रुपए का उसने ऋण दे रखा है यानी सब मिलाकर 723 करोड़ इसके पास नगद पूंजी है ।

# एम्स के कार्यपालक निदेशक ने संकाय सदस्यों के साथ की सामूहिक चर्चा



**भोपाल।** एम्स के कार्यपालक निदेशक, प्रोफेसर डॉ. अजय सिंह ने 12 जुलाई 2023 को संस्थान के सभी संकाय सदस्यों के साथ एक सत्र में विशद सामूहिक बातचीत की । इस कार्यक्रम में डीन एकेडमिक्स, प्रोफेसर डॉ. राजेश मलिक, उप निदेशक प्रशासन, कर्नल अजीत सिंह और कार्यवाहक चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. शशांक पुरवार भी शामिल थे । सत्र के दौरान, प्रोफेसर डॉ. अजय सिंह ने दैनिक अस्पताल दौरों, समय की पाबंदी, रेफरल प्रणाली, लॉग बुक प्रविष्टियों और छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की । उन्होंने एम्स भोपाल को एक शीर्ष रैंकिंग मेडिकल कॉलेज बनाने की आवश्यकता पर बल दिया और संकाय सदस्यों से कड़ी मेहनत करने और व्यक्तिगत मतभेदों को भुलाकर एकजुट होकर देश के विकास में अपना सहयोग देने का आग्रह किया ।

# डंपर ने जोमेटो के डिलवेरी ब्वाय को कुचला, अस्पताल पहुंचने से पहले ही तोड़ा दम

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

पिपलानी थाना इलाके में मंगलवार देर रात तेज रफ्तार डंपर ने जोमेटो के डिलवेरी ब्वॉय को अपनी चपेट में ले लिया। गंभीर रुप घायल युवक को इलाज के लिये पहले निजी और फिर हमिदिया हॉस्पिटल पहुंचाया गया, लेकिन हमीदिया पहुंचेन से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। थाना पलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूल रुप से जामुनिया गणेश, थाना कुरावर जिला राजगढ़ का रहने वाला 21 वर्षीय रिंकू मीणा पिता विष्णु प्रसाद मीणा फिलहाल बरखे?ी जहांगीराबाद में रहते हुए जोमेटो में डिलवेरी ब्वॉय का काम करता था। बीती रात करीब 11 बजे वह कंपनी का पार्सल डिलेवर करने अशोका गार्डन से पिपलानी की और निकला था। करीब साढ़े 11 बजे जैसै ही वो पिपलानी इलाके में स्थित कुबेर डेयरी के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगने से रिंकू चलती बाइक सहित सड़क पर पास गिर गया और डंपर का पहिया उसके दोनों पैर को कुचलता हुआ निकल गया। आसपास मौजूद लोगो ने पुलिस और एंबुलेंस को हादसे की सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस रिंकू को इलाज के लिये निजी हॉस्पिटल लेकर पहुँची, लेकिन उसकी नाजूक हालत को देखते हुए डॉक्टरो ने उसे हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। उसे हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन वहॉ डॉक्टर ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर डंपर को जप्त करते हुए आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# एम्स के फिजियोलॉजी विभाग के स्थापना दिवस पर हुई परिचर्चा



**भोपाल।** एम्स में आयोजित होने वाले प्रथम एमयूएन (मॉडल यूनाइटेड नेशंस) की शुरुआत के साथ एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की हैं । एमबीबीएस 2022 बैच के छात्रों ने इस विचार को यथार्थ में कार्यरूप में परिणित करने के लिए दिन-रात मेहनत की । यह परिचर्चा फिजियोलॉजी विभाग की स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित की गई है । एनाटॉमी विभाग की एचओडी डॉ. बर्था इस आयोजन की निर्णायक थीं । एमयूएन सम्मेलन वास्तविक संयुक्त राष्ट्र की प्रेरणा है जहां प्रत्येक छात्र किसी अन्य देश का प्रतिनिधित्व कर रहा था । यह आयोजन का मंचन विश्व स्वास्थ्य संगठन समिति द्वारा क्रियान्वित प्रस्तुत किया गया । ब्राजील, यूक्रेन, रूस, जर्मनी, भारत, जापान, चीन, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया, यूएई, इंडोनेशिया और संयुक्त राज्य अमेरिका के देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 13 प्रतिनिधियों ने पूरे विश्व में चिकित्सा शिक्षा और क्लिनिकल प्रैक्टिस में असमानताएं तथा एकीकृत चिकित्सा प्रणाली की राह के मुख्य विषय पर चर्चा की ।

# महाविद्यालयों की दीवारों पर नवाचार, उपलब्धि और शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाए: उच्च शिक्षा मंत्री

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश में कई नवाचार हुए हैं। विभाग के नवाचारों और उपलब्धियों पर बुकलेट प्रकाशित कर सभी जिलों में भेजी जाएं। महाविद्यालयों की दीवारों पर शासकीय योजनाओं का वॉल पेंटिंग के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया जाये। इसके लिए महाविद्यालयों में स्लोगन प्रतियोगिता आदि आयोजित कर सकते हैं। मंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में मध्यप्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में एनएसएस और एनसीसी को पाठयक्रम के रूप में शामिल किया गया है। प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा ग्राम गोद लेकर इनकी विकास गतिविधियों के संचालन की रिपोर्ट मंगवाई जाए।

मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश का सकल नामांकन अनुपात 27.1 प्रतिशत है। आगामी वर्षों के लिए कार्य-योजना तैयार की गई है। प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान वर्ष 2023-26 के लिए जारी दिशा-निर्देश अनुसार जिलों के चयन का कार्य प्रारम्भ है। चयन का आधार कम जीईआर, उग्रवाद प्रभावित जिले, सीमा क्षेत्र के जिले तथा अनुसूचित जातियों-जनजातियों, महिलाओं, अन्य पिछड़ा वर्गों एवं ट्रांसजेंडर की अनुपातिक जनसंख्या होगी। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में स्नातक चतुर्थ वर्ष एवं स्नातकोत्तर स्तर के पाठयक्रम का निर्माण, स्नातक स्तर पर क्षेत्र की आवश्यकता अनुसार नवीन व्यावसायिक विषय और रोजगारोन्मुखी पाठयक्रम का समावेश, प्रत्येक जिले में कौशल संवर्धन प्रयोगशालाओं का निर्माण, जिलों में वर्चुअल माध्यम से अध्ययन के लिए डिजिटल स्टूडियो तथा स्मार्ट क्लास की स्थापना की जायेगी।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए भावी योजनाएँ तैयार की गई हैं। प्रत्येक जिले में स्नातकोत्तर महाविद्यालय तथा विवेकानन्द युवा संसाधन केन्द्र की स्थापना, 262 महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन के लिए तैयार करना तथा सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों को एनआईआरएफ (नेशनल इंस्टीटयूट रैंकिंग फ्रेमवर्क) में सहभागिता एवं पंजीयन, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से गुणवत्ता उन्नयन, गोपनीय चरित्रावली की प्रक्रिया को ऑनलाइन करना तथा ई-ऑफिस की संचालनालय, मंत्रालय तथा महाविद्यालय स्तर पर क्रियान्वयन किये जाने का लक्ष्य है। प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा के.सी. गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में 368 प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ एमओयू किया गया है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर 12 एमओयू मेक्सिको, दक्षिण कोरिया, फ्रांस, कनाडा, ताइवान, स्विटजरलैंड आदि तथा राष्ट्रीय स्तर पर 48 प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ 152 एमओयू किया गया है।

आयुक्त उच्च शिक्षा कर्मवीर शर्मा न बताया कि विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन में भारतीय सभ्यता के विभिन्न पहलु पर अध्ययन और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए सेंटर फॉर इंडियन स्टडीज की स्थापना की गई है। यह सेन्टर बेजोड़ विविधता और एकता के स्रोतों पर प्रकाश डालेगा। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली के द्वारा स्थापित एजुकेशनल मल्टी मीडिया रिसर्च सेन्टर के माध्यम से स्ङ्खङ्घरू प्लेटफार्म के लिए मैसीव ओपन ऑनलाइन कोर्सेस का निर्माण किया जा रहा है। यह देश का एकमात्र मीडिया सेन्टर है जिससे इलेक्ट्रानिक मीडिया के पाठयक्रमों का संचालन किया जा रहा है। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा बायो-डिजाइन इनोवेशन सेन्टर की स्थापना के माध्यम से पारंपरिक तथा तकनीकी संसाधनों के साथ डिजाइन को एकीकृत करने के लिए संबंधित संस्थानों के साथ साझेदारी की जा रही है। विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# सुप्रीम कोर्ट का एक और फैसला



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिए एक महत्वपूर्ण फैसले में केंद्र सरकार की ओर से प्रवर्तन निदेशालय के मौजूदा डायरेक्टर को दिया गया सेवा विस्तार अवैध करार दिया। ईडी और सीबीआई को लेकर पूरे देश में हाय तौबा मची हुई है, इस बीच केंद्र सरकार ने ईडी के डायरेक्टर को फिर से सेवावृद्धि दे दी। एक तरफ ईडी के डायरेक्टर को मिले सेवा विस्तार पर पहले से ही राजनीतिक विवाद चल रहा था, लेकिन कोर्ट का यह आदेश कुछ अन्य कारणों से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पहली बात है, फैसला देते हुए सुप्रीम कोर्ट द्वारा बारीकी बरती गई और न्यायिक संतुलन का भी ध्यान रखा गया। यह मामला जटिल इसलिए भी था कि इसमें सिर्फ ईडी प्रमुख को दिए गए सेवा विस्तार पर ही विचार नहीं करना था, अपितु इससे सरकार के अधिकार का मामला भी जुड़ा था। केंद्र ने साल 2021 में सेंट्रल विजिलेंस कमिशन एक्ट और दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टैब्लिशमेंट एक्ट में संशोधन के जरिए सीबीआई और ईडी के प्रमुखों को पांच साल की अवधि पूरी होने तक एक्सटेंशन देने का अधिकार प्राप्त कर लिया था। इसे भी चुनौती दी गई थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अपनी सीमाओं का ध्यान रखते हुए इस मामले में दखल देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि विधायिका का कोई कार्य या फैसला न्यायिक समीक्षा की जद में तभी आता है जब या तो इससे मौलिक अधिकार प्रभावित हो रहे हों या यह स्पष्ट तौर पर पक्षपातपूर्ण लगे।

चूंकि मौजूदा मामले में इस तरह की कोई बात नहीं है, इसलिए इस संशोधन पर एतराज करने की कोई जरूरत अदालत ने महसूस नहीं की। ईडी प्रमुख को दिए जाने वाले एक्सटेंशन का मामला इससे अलग इसलिए था, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट पहले ही एक मामले में कह चुका था कि उन्हें नवंबर 2022 के बाद एक्सटेंशन नहीं दिया जाना चाहिए। ऐसे में यह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन हो जाता है, जिसका अधिकार सरकार को नहीं है। दरअसल, मौजूदा ईडी प्रमुख को जिस तरह से सेवा विस्तार दिया जा रहा था, उस पर सवाल पहले से ही उठ रहे थे। कोर्ट में सुनवाई के दौरान भी यह बात कही गई कि ईडी जैसी महत्वपूर्ण जांच एजेंसी का स्वतंत्र होना ही नहीं, उसका स्वतंत्र दिखना भी जरूरी है।

यह बात इस तथ्य की रोशनी में ज्यादा अहम हो जाती है कि हाल के दिनों में ईडी की कार्रवाई के दायरे में विपक्षी दलों और नेताओं से जुड़े मामले बड़ी संख्या में आए हैं। विपक्षी दलों की ओर से इन कार्रवाइयों को पक्षपातपूर्ण भी बताया जा रहा है। हालांकि कार्रवाई के औचित्य पर फैसला ऐसे आरोपों के आधार पर नहीं हो सकता। वह तो कानूनी प्रक्रिया की तार्किक परिणति से ही तय होता है। लेकिन जांच एजेंसियों की छवि हर संदेह से परे होनी चाहिए। इस संदर्भ में केंद्रीय गृहमंत्री का वह बयान महत्वपूर्ण है जो उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद दिया। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी का प्रमुख नहीं बल्कि उसका काम महत्वपूर्ण है।

हालांकि ऐसा लगता तो नहीं है, फिर भी उम्मीद की जानी चाहिए कि आगे सरकार का फैसला इन्हीं शब्दों और भावनाओं से निर्देशित होगा। यह बात और है कि ईडी और सीबीआई के प्रति आम आदमी का भरोसा कैसे कायम होगा, इस पर विचार की उम्मीद भी नहीं है, क्योंकि सरकार का मानना है कि दोनों एजेंसियां सही काम कर रही हैं। ऐसे कई मामले भी सामने आए हैं, जिनमें ईडी और सीबीआई की जांच के चलते कथित आरोपी सत्तापक्ष के साथ हो गए और उनकी जांच फाइलों में दबा दी गई या कुछ को तो क्लीन चिट भी दे दी गई। अब ऐसे में संदेह और भी पुख्ता होता है कि सरकार केवल विपक्ष में बैठे लोगों पर ही कार्रवाई चाहती है। फिर भी जांच एजेंसियों की अपनी महत्ता है, उसे कायम रखना भी सरकार की जिम्मेदारी है। लोकतंत्र में यह और आवश्यक हो जाता है। फिलहाल तो सुप्रीम कोर्ट ने अपना भरोसा कायम रखा है।

# अमित शाह की 'मास्टर क्लास': किसकी ताकत बढ़ी और कौन पिछड़ा?

**हेमंत पाल**

अमित शाह की मास्टर क्लास में जो संदेश दिए गए और जो सबक नेताओं ने लिया, आज बुधवार से ही उसका क्रियान्वयन शुरू हो गया। कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर को कल रात दिल्ली लौटना था! लेकिन, उन्हें भोपाल में रुकने को कहा गया है। अमित शाह ने तोमर से कहा कि अब आप दिल्ली से ज्यादा भोपाल पर ध्यान दीजिए।

अमित शाह की मास्टर क्लास में जो रणनीति तय की गई, उसे लेकर बुधवार को भाजपा के बड़े नेताओं की बैठक होगी। बताया जा रहा कि शुक्रवार तक सभी चुनावी समितियां का गठन किया जाएगा और वे जल्दी ही अपना काम भी शुरू कर देंगी। इसके अलावा भी चुनाव को लेकर कुछ फैसले इस बैठक में होंगे।

अमित शाह ने प्रदेश की चुनाव समितियों के समन्वय की जिम्मेदारी केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर को सौंपी है। तोमर मध्य प्रदेश को काफी नजदीक से जानते हैं। वे दो बार यहां का चुनाव अभियान संभाल भी चुके हैं। 2008 और 2013 में उनकी अगुवाई में ही मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी थी। लेकिन, 2018 में उन्हें मध्य प्रदेश के चुनाव की जिम्मेदारी से अलग रखा गया तो सरकार बनाने लायक सीटें भी भाजपा को नहीं मिल सकी थी। मंगलवार की इस हाई पावर मीटिंग में अमित शाह ने जो चुनाव रणनीति बनाई, उसमें प्रदेश को पांच रीजन में बांटकर वहां के स्थानीय मुद्दों के आधार पर रणनीति बनाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा आदिवासी इलाकों पर भी ध्यान देने को कहा गया है।

बैठक में यह भी तय किया गया कि पूरे प्रदेश में विजय संकल्प यात्राएं निकाली जाए। लेकिन, ये किसी एक नेता के जिम्मे नहीं होगी। बल्कि, पांच रीजन में पांच नेताओं के नेतृत्व में ये यात्राएं निकाली जाएंगी। चुनाव को लेकर कुछ समितियां बनाई जाएंगी। इन समितियों की जिम्मेदारी एक-एक वरिष्ठ नेता को सौंपी जाएगी। इन समितियों का कामकाज



गंभीरता और मुस्तैदी के साथ हो इसकी देखरेख नरेंद्र तोमर करेंगे। बताते हैं कि मंगलवार की बैठक में अमित शाह ने कई बार नरेंद्र तोमर का नाम लिया और उनसे कहा कि अब आपको दिल्ली से ज्यादा भोपाल में ध्यान देना है।

बैठक में अमित शाह ने सभी विधानसभा सीटों की रिपोर्ट मांगी। साथ में यह भी पूछा कि पार्टी कहां बेहतर है और कहां कमजोर है और क्यों! चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव ये विस्तृत जानकारी पार्टी हाईकमान को सौंपेंगे। शाह ने यादव और सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव को एक प्रारूप भी दिया है। इस प्रारूप के आधार पर हर विधानसभा क्षेत्र की जानकारी इकट्ठा की जाएगी। बूथ स्तर से राज्य स्तर तक अब तक की चुनावी तैयारी की समीक्षा हुई।

इसका सीधा संदेश ये भी है कि वीडी शर्मा प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष तो बने रहेंगे, पर उनके पर क़तर दिए गए। इसके अलावा इस चुनाव में जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर भी कोई फैसला नहीं हुआ। इसके पहले हुई कोर कमेटी की बैठक में भी जन आशीर्वाद यात्रा का मामला नहीं आया था। इसे इस तरह समझा जा सकता है कि प्रदेश में इस बार विजय संकल्प यात्रा ही निकलेगी, जन आशीर्वाद यात्रा को फिलहाल स्थगित रखा गया है।

अमित शाह ने कोर ग्रुप के सदस्यों से यह सवाल भी किया कि वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं! इस सवाल के जवाब में बताया गया कि विजय संकल्प यात्रा निकालने की योजना बनाई गई है। अमित शाह ने इन यात्राओं की सहमति दी। तय किया गया कि ये यात्राएं अलग-अलग जिलों से निकाली जाएगी। इस दौरान रोड शो, रैलियां, जनसभाएं होंगी। साथ ही ये निर्देश दिए गए कि प्रदेश के आदिवासी इलाकों पर ज्यादा ध्यान दिया जाए। उन्होंने आदिवासी अत्याचार की हाल की घटनाओं को लेकर भी अलग से कुछ निर्देश दिए। कहा गया कि चुनाव में आदिवासियों के लिए खास कैंपेन चलाया जाए।

प्रदेश के संबंध में लंबे समय से देखा जा रहा था कि यहां बदलाव को लेकर हवा गर्म थी। कभी मुख्यमंत्री के बदले जाने की खबरें तो कभी प्रदेश अध्यक्ष की। कई बार इस बात की पुष्टि भी हुई, लेकिन चार राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष बदले जाने के बाद जब मध्यप्रदेश में बदलाव के कोई संकेत नहीं मिले, तो यह लगने लगा था कि अब यहां संगठन की पुरानी टीम ही चुनाव में काम करेगी। लेकिन, टीम की भूमिका बदल दी गई। अब चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव और अश्विनी वैष्णव सबसे ज्यादा पावरफुल होंगे और रणनीति के समन्वय की जिम्मेदारी नरेंद्र सौंप दी गई है।

इसका यह भी मतलब लगाया जा सकता है कि प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की भूमिका अब भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव और नरेंद्र तोमर के बाद होगी। अमित शाह किसी भी स्थिति में मध्यप्रदेश में पार्टी को मुकाबले की स्थिति में लाना चाहते हैं, जो पिछले लंबे समय से लगातार पिछड़ रही है। अब देखना यह है कि अमित शाह की मास्टर क्लास का क्या नतीजा निकलता है। क्योंकि, मास्टर क्लास में दिए सबक को जिम्मेदार नेता किस तरह पूरा करते हैं, सब उसी पर निर्भर करता है और हाई कमान की नजर भी उस पर रहेगी!

# नया शब्द जलवायु वित्त और उसकी मारक शक्ति

**राकेश दुबे**

बहुत तेज़ी हो रहे जलवायु परिवर्तन ने कुछ नए शब्दों की रचना कर दी है। ये शब्द नयी व्याख्या और संस्कृति का निर्माण कर रहे हैं। दुनिया मौसम की अतियों की मार झेल रही है। यह बात भी स्पष्ट है कि इस तबाही का असर भी असमान है। यह दुनिया के सबसे गरीब देशों में गरीब लोगों को सबसे बुरी तरह प्रभावित कर रही है।

जैसे क्लाइमेट फाइनैंस या जलवायु वित्त केवल वह भुगतान या हर्जाना नहीं है जो जलवायु परिवर्तन के इन विपरीत और असंगत प्रभावों को कम करने के काम आए। बल्कि इसका संबंध उस बदलाव के लिए धन मुहैया कराना भी है जिसकी इन देशों को विकास की प्रक्रिया में जरूरत है। उन्हें अलग तरह के विकास की आवश्यकता है ताकि वे बिना अधिक उत्सर्जन के आगे बढ़ सकें। यही वजह है कि जलवायु न्याय इतना अधिक मायने रखता है।

जलवायु न्याय शब्द का सबसे पहली बार इस्तेमाल सन 1992 में यूएन फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज में हुआ था। वहां इस बात पर सहमति बनी थी कि ऐतिहासिक रूप से वातावरण को प्रदूषित करने वाले देशों को उत्सर्जन कम करने की आवश्यकता है। इस बात पर भी सहमति बनी थी कि शेष विश्व जिसे विकास का अधिकार था उन्हें वित्तीय मदद और तकनीकी मदद मुहैया कराई जाएगी ताकि वे टिकाऊ वृद्धि हासिल कर सकें। बहरहाल, बीते 30 वर्षों से अधिक समय में दुनिया में अनगिनत जलवायु सम्मेलन हुए हैं और इनका इरादा प्राय-इस सिद्धांत को शिथिल करने या समाप्त करने प्रतीत हो रहा है।

बदलती जलवायु की तरह ही समता का मुद्दा भी खत्म होने वाला नहीं है। आज, दुनिया की आबादी का 70 प्रतिशत हिस्सा अपनी बेहतरी के लिए ऊर्जा या अन्य अनिवार्य आवश्यकताओं के मामले में सुरक्षित विकास नहीं हासिल कर सका है। इस बीच दुनिया का वह कार्बन बजट लगभग समाप्त हो गया है जो दुनिया की तापवृद्धि को औद्योगिक युग के पूर्व के स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे सीमित रखने के लिए आवश्यक था। अब यह भी स्पष्ट है कि 2009 में सालाना जिस 100 अरब डॉलर राशि का वादा किया गया था और जो अब तक भ्रामक बनी हुई है, वह राशि भी शायद अपर्याप्त साबित होगी। वैसे भी उसे हासिल करने में काफी देर हो चुकी है। हकीकत में एक अलग तरह का सुरक्षित भविष्य हासिल करने के लिए बहुत बड़ी धनराशि की आवश्यकता है। ऐसे में हमें तेजी से पैसे जुटाने की आवश्यकता है।



इस हेतु केवल इतना ही पर्याप्त नहीं है। हमें ढांचागत मुद्दों पर भी विमर्श करना होगा जिनमें वैश्विक असमानता शामिल है। इस असमानता के कारण यह लगभग तय है कि दुनिया के गरीब देश उत्सर्जन में कमी की कीमत नहीं चुका पाएंगे। एक रिपोर्ट प्रकाश में आई है जिसका शीर्षक है 'बियॉन्ड क्लाइमेट फाइनैंस।' यह रिपोर्ट इस मसले को सुलझाने में मदद कर सकती है।

जलवायु वित्त के नाम पर एकत्रित की गई धनराशि अपर्याप्त है। जलवायु वित्त से दुनिया का क्या तात्पर्य है इसकी कोई ऐसी परिभाषा नहीं है जिस पर सभी सहमत हों परंतु सब इस बात पर चर्चा नहीं करते हैं कि जलवायु वित्त के नाम पर जो भी राशि दी जा रही है वह किसी किस्म की रियायत नहीं है। इस राशि में बमुश्किल 5 प्रतिशत अनुदान है जबकि शेष ऋण या इक्विटी के रूप में है। ऐसे में आश्चर्य की बात नहीं है कि जिसे जलवायु वित्त का नाम दिया जा रहा है वह उन देशों को नहीं मिलने वाला है जिन्हें उसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। आश्चर्य की बात नहीं है कि ये फंड वहां जाते हैं जहां पैसे बनाने की संभावना अधिक हो, जहां वित्तीय बाजार स्थिरता को खतरा कम हो और जहां वित्त की लागत कम हो।

यूरोप में एक सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने पर उसकी ब्याज लागत 2-5 प्रतिशत होती है, ब्राजील में यह 12-14 प्रतिशत और कुछ अफ्रीकी देशों में यह 20 प्रतिशत तक होती है। ऐसे में जाहिर है ब्राजील और अफ्रीका में संयंत्र लगाना व्यावहारिक नहीं होगा। ज्यादा बुरी बात यह है कि अगर यह पैसा ऊंची ब्याज दर वाले ऋण के रूप में अफ्रीका जाता है, जो कि अनिवार्य तौर पर होता है तो बस उन देशों की ऋण चुकाने की समस्या में ही इजाफा होगा। विभिन्न देश कर्ज चुकाने में डिफॉल्ट नहीं कर सकते हैं क्योंकि वैसा करने से उनकी क्रेडिट रेटिंग खराब हो सकती है। जलवायु परिवर्तन वहाँ की स्थिति को और खराब कर देगा क्योंकि सर्वाधिक संवेदनशील देश वे हैं, जिन पर कर्ज का बोझ अधिक है। जलवायु परिवर्तन की हर आपदा इन देशों को और अधिक कर्ज के बोझ में डुबा देती है क्योंकि वे अपने आप को बचाने के लिए हर बार नया कर्ज लेते हैं। इस बीच इन देशों की क्रेडिट रेटिंग खराब कर दी जाती है और उनकी ऋण की लागत और बढ़ जाती है।

आज मुश्किल से गुजर रहे अधिकांश देश जिन्हें उत्सर्जन कम करने के लिए भी धन चाहिए। उनका कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। वे वार्षिक ब्याज के रूप में जो राशि चुकाते हैं वह 2023 में उनके सरकारी राजस्व के 16 प्रतिशत तक थी। जाहिर है अब छोटे बदलावों की बात नहीं कर सकते हैं। ऐसे भी प्रस्ताव हैं जिनके मुताबिक रियायती वित्त व्यवस्था के लिए नई धनराशि तलाश की जा सकती है।

इसी मुद्दे पर उल्लेखनीय है ब्रिजटाउन एजेंडा। बारबाडोस की प्रधानमंत्री मिया मोट्टली ने इस बारे में स्पष्ट आह्वान किया है। हमें जल्दी जवाब चाहिए। समग्र अर्थ यह है कि जलवायु वित्त की यह प्रवृत्ति बदलनी होगी जहां अब तक वह केवल विभिन्न देशों का कर्ज बढ़ाने का काम कर रहा था और उन्हें अगली त्रासदी के लिए और मुश्किल में डाल रहा था। ऐसे में अब जरूरत इस बात की है कि जलवायु परिवर्तन जैसे इस बड़े संकट के लिए वाकई धन जुटाया जाए।

# प्रकृति ही नहीं राजनीति में भी जड़े हीं करती पुष्पित-पल्लवित

**सरयूसुत मिश्र**

बीजेपी के चाणक्य और पॉवर हाउस के रूप में माने जाने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश के दौरे में कार्यकर्ताओं के दिल को छू लिया है. चुनावी तैयारियों की रणनीति के लिए कोर ग्रुप की बैठक में अंदर खाने की खबरें जो छनकर आई हैं उसमें पार्टी की बुनियाद और जड़ों को सहेजने की जरूरत अमित शाह ने बताई है.

अमित शाह का यह सवाल बहुत मायने रखता है कि मध्यप्रदेश में पार्टी कार्यकर्ता इतना खफा क्यों है? कार्यकर्ता की भावना को पार्टी के सर्वोच्च स्तर पर गंभीरता से समझना ही कार्यकर्ता के लिए ताकत बन जाता है. एमपी का बीजेपी संगठन पार्टी में उदाहरण के रूप में देखा जाता रहा है. पार्टी कार्यकर्ता की ही बदौलत बीजेपी इस राज्य में इतने लंबे समय से शासन पर काबिज है. 2003 के पहले एमपी में बीजेपी सरकार बनाने में तो कई बार सफल हुई लेकिन पांच साल सरकार नहीं चला पाई थी.

केंद्रीय गृहमंत्री के मध्यप्रदेश दौरे को लेकर तमाम सारी अटकलें लगाई जाती रहीं. बदलाव की अफवाहों को भी पूरी हवा दी गई. राजनीतिक पंडितों के लिए अभी भी यह सवाल अनुत्तरित ही है कि क्या अमित शाह केवल एक बैठक लेने के लिए भोपाल आए थे? अमित शाह ने जो अपनी इमेज विकसित की है उसमें तो यह बात कोई मानने को ही तैयार नहीं होता कि उनका दौरा कभी भी बिना किसी रणनीति के होता है.

एमपी के लिए बीजेपी के नए चुनाव प्रभारियों को पॉवर सेंटर बताकर केंद्रीय गृहमंत्री ने राज्य के नेताओं को निश्चित रूप से संकेत दिया है कि चुनावी कमान केंद्रीय नेतृत्व के हाथों में ही होगी. पार्टी में एकजुटता की जरूरत भी केंद्रीय नेतृत्व के फीडबैक




पर ही बताई गई होगी. कार्यकर्ता ही पार्टी को सत्ता में पहुंचाता है. एमपी में बीजेपी के वर्तमान सरकार पापुलर जनादेश से नहीं बल्कि कांग्रेस में टूट और उपचुनाव के जनादेश पर चल रही है.

किसी भी राजनीतिक दल में यह बात आमतौर पर शिकायत की जाती है कि कार्यकर्ता की सुनवाई नहीं हो रही है. अमित शाह ने भी अगर यह सवाल पूछा कि एमपी में कार्यकर्ता खफा क्यों है, तो इसको हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए. समाज में ऐसा कौन सा व्यक्ति होगा जिसे एक दूसरे के सहयोग और समर्थन की आवश्यकता ना हो. पार्टी कार्यकर्ता भी ऐसे ही सहयोग की अपेक्षा करता है.

बीजेपी कैडर बेस पार्टी है. कैडर ही उसकी ताकत है. बीजेपी देश की राजनीति में परिवारवाद और कैडरबेस राजनीति के फर्क को अपना बहुत बड़ा आधार बताती है. पार्टी के सामान्य कार्यकर्ता का प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने का अवसर पार्टी में कार्यकर्ताओं को ताकत और समर्पण के साथ काम करने के लिए प्रेरित करता है. जो चीज प्रेरणा देती है, वही विपरीत परिस्थितियों में निराशा भी पैदा करती है. इसलिए कार्यकर्ताओं में उत्साह और सक्रियता के लिए आशा का संचार पार्टी के नेताओं की अहम जिम्मेदारी होती है. केवल चुनाव के समय कार्यकर्ताओं को तात्कालिक रूप से प्रोत्साहित करने की रणनीति कैडरबेस पार्टी में तो स्वीकार नहीं की जाती है.

केंद्रीय गृहमंत्री ने कार्यकर्ताओं की आवाज को एमपी की चुनावी रणनीति की बैठक में ताकत के साथ रखा है तो इसका मतलब है कि उनके पास फीडबैक की कमी नहीं है. अच्छी बात है कि एमपी के नेताओं को चुनाव से काफी पहले पार्टी के पॉवर हाउस से ऐसा फीडबैक दिया गया है. निश्चित रूप से कार्यकर्ताओं को साधने का अभी पर्याप्त समय है. जब भी कोई पार्टी सरकार में होती है तो संगठन का स्ट्रक्चर काफी हद तक सरकार के समन्वय से ही चलता है. कई बार ऐसी परिस्थितियां लेटलतीफी और नजरअंदाज मोड में चलने लगती हैं. यह कोई सोचा समझा प्रयास नहीं होता बल्कि स्वाभाविक रूप से शांति काल में हो जाता है.

कार्यकर्ताओं में ठहराव किसी भी पार्टी के लिए लाभदायक नहीं होता. कार्यकर्ताओं की गतिशीलता और सक्रियता सामान्य समय में भी उसी गति से यदि चलती रहेगी तो चुनाव के युद्ध के समय कार्यकर्ताओं की गतिशीलता चरम पर पहुंच जाएगी. लंबे समय से प्रदेश में सत्ता चलाने के कारण आम लोगों में और कार्यकर्ताओं में भी एंटी इनकंबेंसी हो सकती है. बीजेपी इसे साधने में सक्षम है. बशर्ते सभी नेता एकजुटता के साथ काम करें.

कार्यकर्ताओं को देवी देवता के रूप में वंदनीय बताकर उनकी अनंत संभावनाओं और अनंत क्षमताओं का केवल उपयोग करना पार्टी हित में नहीं होता. कार्यकर्ताओं को भी जीवन की हकीकत और भविष्य की संभावनाओं के प्रति आशावान बनाना संगठन की बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है.

यहां कोई भी आपका सपना पूरा करने के लिए नहीं है. हर कोई अपनी तकदीर और हकीकत बनाने में लगा हुआ है. इस बुनियादी सिद्धांत को समझना बहुत जरूरी है. केवल उपदेश और संदेश से कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करने का एप्रोच खुद को धोखे में रखने जैसा है. पार्टी के पॉवर हाउस ने अपना काम कर दिया है. साफ संदेश दे दिया है कि कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने की तत्काल जरूरत है.

**एक मंदिर में बहुत सुंदर शब्द लिखे थे- ठोकर खाकर भी ना संभले तो मुसाफिर का नसीब.**

**वरना पत्थरों ने तो अपना फर्ज निभा दिया है.**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## संत संतोख सिंह जी की 19 वी बरसी गुरुद्वारा में संपन्न हुई



ओबैदुल्लागंज। संत बाबा संतोख सिंह जी की 19 वीं बरसी 10 जुलाई 23 दिन सोमवार को वार्ड नंबर 10 अर्जुन नगर के संत बाबा संतोख सिंह जी गुरुद्वारा मैं संपन्न हुई। इस अवसर पर श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ हुआ श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति 12 जुलाई 23 बुधवार को 11ः00 बजे हुई, इसके उपरांत बुरहानपुर से कीर्तन जत्था रागी करण सिंह के द्वारा कीर्तन संपन्न हुआ, इस अवसर पर कथाकार जगजीत सिंह (जीते भैया) ने संत जी के जीवन पर अपने विचार प्रस्तुत किए, वही सुरजीत सिंह बिलले, गुरमीत सिंह जी ने भी संगत को संबोधित किया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरजीत सिंह, जे पी शर्मा,, देवेंद्र सिंह राजू, पूर्व कलेक्टर डीएस राय, त्रिलोचन सिंह बिट्टू, नरेंद्र सिंह गिल, रघुवीर जी साहू ?, महेंद्र भैया, मांगीलाल प्रजापति, एवम महिलाएं, बच्चे भी उपस्थित रहे, तत्पश्चात अरदास के बाद प्रसाद एवं गुरु का अटूट लंगर बरता गया।

## शासकीय प्राथमिक शाला बलारपुर का तहसीलदार ने किया निरीक्षण



दमोह तहसीलदार मोहित जैन द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला बलारपुर का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने शिक्षको को अभिभावकों से संपर्क कर बच्चो को स्कूल आने के लिए प्रेरित करने कहा। साथ ही मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत किचिन का निरीक्षण किया हैं एवं मीनू अनुसार सभी बच्चों को भोजन देने निर्देशित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में 03 शिक्षक उपस्थित पाए गए, पहली से पांचवीं कक्षा तक कुल 22 बच्चे उपस्थित मिले। साथ ही उन्होंने शासकीय प्राथमिक विद्यालय पटेल टोला, बम्होरी गूंजी का निरीक्षण किया।

## आर्थिक सहायता

धार,। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद के धरमपुरी तहसील के ग्राम पिपल्याखुट पगारा की मोनिका पिता रनजीत चौहान को बीमारी के उपचार के लिए एक लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार धार के सद्दाम पिता रहमान को 45 हजार रूपए एवं पीथमपुर तहसील के ग्राम बगदुन के मोहम्मद आजाद शाह पिता मोहम्मद सबीर शाह को बीमारी के उपचार के लिए 40 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

## अधिकारियों ने मध्यान्ह भोजन की क्वालिटी चेक करने किया निरीक्षण



छतरपुर। कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में विगत दिनों सम्पन्न हुई प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन में जिलेभर में अधिकारियों ने बुधवार को स्कूलों में पहुंचकर मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया। साथ ही स्कूली बच्चों से चर्चा कर स्कूल से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और बच्चों के साथ भोजन कर खाने की गुणवत्ता को परखा। अधिकारियों ने बच्चों को हरी सब्जियों के फायदे सहित विभिन्न जानकारियां दी। साथ ही स्कूलों में मध्यान्ह भोजन मेन्यू के हिसाब से ही बने और दाल, खिचड़ी पुलाव आदि में पालक और मुनगा के पत्तों को अवश्य डालने के निर्देश दिए एवं प्लांटेशन कम्प्लीट करने को कहा गया। निरीक्षण में पाई गई कमियां एवं भोजन की गुणवत्ता के संबंध में जिला प्रशासन को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

## परिवार कल्याण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए आशा कार्यकर्ता राज्य स्तर सम्मानित

सीहोर,। परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आष्टा विकासखण्ड के ग्राम ग्वाली में पदस्थ आशा कार्यकर्ता श्रीमती रेखा बाई को भोपाल संभाग में सर्वश्रेष्ठ प्रेरक के रूप में चयनित कर सम्मानित किया गया। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन संचालक प्रियंका दास द्वारा रेखा बाई को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप संचालक परिवार कल्याण, उप संचालक आशा सहित राज्य एवं संभाग स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने आशा कार्यकर्ता श्रीमती रेखा बाई को भोपाल संभाग में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर सम्मानित होने पर को बधाई दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि आशा कार्यकर्ता श्रीमती रेखा बाई द्वारा बच्चों में अंतर रखने के लिए अस्थायी साधन अंतरा इंजेक्शन, पीपीआईयूसीडी लगवाकर एफपीएल एमआईएस ऑनलाईन पोर्टल में सर्वाधिक इण्डेन किया गया।

## जनसुनवाई में मिले 184 आवेदन

छतरपुर।जिला पंचायत श्रीमती तपस्या परिहार ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई की। आम लोगों से प्राप्त 184 आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपा गया। कलेक्टर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनसुनवाई में मिले इश्यू को प्राथमिकता से सॉल्व करें और विभाग प्रार्थी को प्रत्युत्तर दें।जनसुनवाई में एसडीएम छतरपुर बलवीर रमण एवं जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों का परीक्षण करते हुये समाधान की कार्यवाही की। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, पीओडूडा, एलडीएम, पुलिस विभाग, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुये।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर राधिका मंडपम में आयोजित, आखों के ऑपरेशन निःशुल्क




आज दिनांक 12/जुलाई 2023 को स्व. नथुआ मावई जी (रंचोली बाले)की स्मृति मे आल इण्डिया प्रोफ़ेशनल कांग्रेस,टीम मा.नकुलनाथ व मा.दिनेश गुर्जर अध्यक्ष म.प्र.किसान कांग्रेस द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर राधिका मंडपम मैरिज गार्डन थाने के सामने बानमोर जिला मुरैना मे आयोजित किया उक्त शिविर में निःशुल्क दवाइयाँ वितरण,निःशुल्क जाँच श्वष्टत,व्क्क्सुगर आदि जाँचे निःशुल्क की गई आखों के ऑपरेशन निःशुल्क किए जावेगे एवं भोजन व्यवस्था की गई, शिविर प्रारम्भ से पूर्व स्व.श्री नथुआ मावई जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला डालकर श्रद्धांजलि अर्पित की व सभी चिकित्स्कों व अतिथियों का शोल श्रीफल एवं माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया शिविर मे पहुँचे रहे सभी बड़े बुजुर्गो का सम्मान करते हुए संबंधित चिकित्सक से उचित परीक्षण कराकर बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया उक्त कार्यक्रमे में मुख्यरूप से बानमौर के वरिष्ठ जन न.नि.मुरैना महापौर श्रीमती शारदा राजेंद्र प्रसाद सोलंकी जी,नगर निगम मुरैना सभापति श्री राधारमण(राजा) दंडोतिया जी,कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अनु.जाति श्री राजेंद्र प्रसाद सोलंकी जी,प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेशनल कांग्रेस धर्मेंद्र शर्मा जी ज़िलाध्यक्ष श्री मधुराज सिंह तोमर जी,शहर ज़िलाध्यक्ष श्री दीपक शर्मा जी,श्री राकेश यादव जी,श्री भगवान सिंह तोमर जी,पूर्व न.पालिका अध्यक्ष श्री कमल सिंह राजे जी,किसान कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष श्री जितेंद्र सिंह डंगस जी,गयाप्रसाद शर्मा जी,श्री अशोक भदौरिया जी,ब्लॉक अध्यक्ष जौरा श्री मनोज सिकरवार जी,श्री नरेश यादव जी,सौरव मावई जी,धर्मेंद्र गुर्जर जी,रामप्रकाश गुर्जर जी,ब्रजमोहन गुर्जर जी,गजेंद्र फागुना जी,विनोद शर्मा जी,गजेंद्र सिंधी जी,राहुल मावई जी,बीजेंद्र मावई जी,रामू टुंडेलकर जी,राज गुर्जर जी,सत्यम राठौर जी,सुनील फागुना जी आदि जन उपस्थित रहे उक्त शिविर में हज़ारों लोगों ने लाभ लिया।

## 137 मरीजों की आंखों की हुई मुफ्त जांच

छतरपुर, । सरानी दरवाजा बाहर स्थित महालक्ष्मी मंदिर में नगर अग्रवाल समाज द्वारा बुधवार को लगाए गए निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 137 मरीजों ने अपनी आंखों की जांच कराकर आवश्यक परामर्श लिया साथ ही मोतियाबिंद के मरीजों को चित्रकूट भेजा गया। अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि माँ कमलाबाई और पिता दीनदयाल अग्रवाल की स्मृति में दद्दा मेडिकल के संचालक पुरुषोत्तम अग्रवाल के सहयोग से आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचीं नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने कहा कि अपने परिजनों की स्मृति में इस तरह के निशुल्क शिविर लगाकर लोगों की आंखों के बहाने उनकी जिंदगी रोशन करने का यह काम सराहनीय और अनुकरणीय है।

## प्राइवेट स्कूल के पैसे आपूर्ति होते ही शीघ्र होगी राशि प्रतिपूर्ति

### ब्लॉक की अपील पर कलेक्टर ने प्रभारी डीपीसी को दिये निर्देश



इटारसी। निजी स्कूल संचालकों की कोरोना काल की आर्थिक बदहाली के बाद भी राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा सत्‌ 20-21,21-22 की फीस प्रतिपूर्ति के लिये राशि का पूर्ण आवंटन नहीं किया है। इसी निराकरण के लिये आज मजबूर होकर अपने चलते स्कूल प्रवेश और भारी बारिश के बीच सोपास इटारसी ब्लॉक के सक्रिय सदस्य व प्रदेश पदाधिकारीगण नर्मदापुरम के कलेक्टर नीरज कुमार सिंह और डीपीसी के पास स्कूल संचालकों की परेशानी के विषय पर पुनः अपील करने पहुंचे।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सोपास प्रदेश मीडिया प्रभारी शिव भारद्वाज,प्रदेश कार्यालय मंत्री व जिला प्रवक्ता आलोक गिरोटिया,सोपास के जिला उपाध्यक्ष जाफर सिद्धीकी,इटारसी ब्लॉक अध्यक्ष नीलेश जैन व सचिव लोकेन्द्र साहु ने कलेक्टर से निवेदन किया कि बार बार आवंटन की खबर आने के बाद भी आवश्यक 20-21 व 21-22 की राशि की प्रतिपूर्ति नहीं की जा रही है इस पर कलेक्टर ने तुरंत संज्ञान लेते हुए प्रभारी नीता कोरी से जानकारी ली और कहा कि यदि राशि कम है तो, जितनी राशि अभी उपलब्ध है, उसमे जितनी प्रतिपूर्ति हो सके तुरंत की जाय शेष आने पर प्रदान की जाये। इस संदर्भ में डीपीसी अजय कुम्भारे से चर्चा करने पर ज्ञात हुआ कि कोष में शेष राशि में से लगभग 24 लाख की राशि से सत्‌ 20-21 का आवंटन हो जायेगा।

परंतु सत्‌ 21-22 के 645 प्रपोजलों के लिऐ आवश्यक राशि लगभग 10 करोड़ 78 लाख 84 हजार की सेंक्शन हो चुकी है किसी कारणवश आने में विलंब हुआ है। 6 जिलों में राशि का आवंटन हो चुका है जबकि नर्मदापुरम सहित अनेक जिलों में 21-22 के प्रोपजल बढ़ाये जा चुके हैं सिर्फ लगभग ढाई करोड़ की अधूरी राशि हाथ में है किसे बांटे किसे न बांटे की स्थिति है। अतः शेष आवश्यक राशि आते ही सभी को एक साथ तुरंत भुगतान की प्रक्रिया कर दी जायेगी।

## इलेक्ट्रिक दुकान गोदाम में हुई लाखों की चोरी का माल जप्त आरोपी फरार आरोपी

### थाना कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

दमोह शहर में लगातार हो रही चोरी की वारदातों को लेकर पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर द्वारा समस्त पुलिस अधीक्षकों को चोरी के मशरूखा जमकर तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था जो पुलिस अधीक्षक दमोह राकेश सिंह द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को मुखबिर तंत्र मजबूत करने एवं अपराध रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया था जो इसी तारतम्य में थाना कोतवाली में फरियादी दीपेश तिवारी द्वारा दिनांक 10ः07.23 को थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाली मोरगंज गल्ला मंडी मे रखे इलेक्ट्रानिक सामान जिसमे फ्रिज कूलर वाशिंग मशीन की चोरी की रिपोर्ट दर्ज गई थी जो मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी कोतवाली विजय राजपूत द्वारा तत्परता दिखाते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिह एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति भावना दांगी के मार्गदर्शन टीम गठित की गई थी जो उक्त टीम द्वारा मुखबिर तंत्र मामूर करते हुए आरोपी राजा उर्फ राजेन्द्र पटेल के गढ़ाकोटा स्थित किराये के मकान से मामले में चोरी किया गया मशरूका फ्रिज कूलर एसी वासिंग मशीन कीमती करीबन 738000/- रूपये का जप्त किया गया आरोपी राजा पटेल फरार है जो आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जायेगा।




जप्त मशरूका-एयर कंडीशनर -07 नग फ्रिज 26 नग वाशिंग मशीन 04नग कूलर -09 कीमती कुल 7.38,000 रुपये/-नाम आरोपी आरोपी राजा उर्फ राजेन्द्र पटैल निवाबी पथरियासराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारी निरीक्षक विजय राजपूत उप निरीक्षक रोहित द्विवेदी आरक्षक ओम प्रकाश, आरक्षक देशराज आरक्षक कृष्ण कुमार, आरक्षक जुनैद खान आशीष आरक्षक

## मिलावट के दो प्रकरणों में 7 लाख 6 हजार रुपए का जुर्माना

धार, । एडीएम एवं निर्णायक अधिकारी श्री केएल मीणा द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थ कर रहे दो खाद्य कारोबारकर्ताओं पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत सुनवाई उपरान्त निर्णय पारित करते हुए कुल 7 लाख 6 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। पहले प्रकरण में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री महेन्द्र कुमार वर्मा के द्वारा 28 जुलाई 2021 को ग्राम धुलेट तहसील सरदारपुर स्थित चेतना इन्टरप्राईसेज का निरीक्षण करने के उपरांत विक्रय हेतु भण्डारित 1100 लेटर सोयाबीन तेल एवं 360 लीटर रिफाईण्ड पाम तेल में से प्रत्येक एक-एक नमूने लेकर जॉच हेतु भेजे गये थे। जॉच में दोनों नमूने विक्रय हेतु प्रतिबंधित एवं अमानक स्तर के घोषित किये गए। विक्रेता के पास व्यापार करने हेतु खाद्य पंजीयन भी नही पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा एक लाख 86 हजार 875 रूपये मूल्य का तेल जप्त कर प्रकरण एडीएम के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में उमेश रूपाजी हामड़ को आरोपी बनाया गया। आरोपी के द्वारा आरोप स्वीकार करने पर न्यायनिर्णायक अधिकारी श्री मीणा द्वारा अमानक खाद्य तेल विक्रय करने के आरोप में दोष सिद्ध करते हुए 5 लाख एवं प्रतिबंधित खाद्य पदार्थ विक्रय का आरोप होने पर 2 लाख रुपये अर्थदंड की शास्ति अधिरोपित की गई। दूसरे प्रकरण में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री आरजी मरूटा द्वारा 24 फरवरी 2020 को सिंघाना रोड कुक्षी स्थित कनकीश्री बेकरी से बबी टाइगर प्रिमियम खारी एवं मैदा का नमूना लिया गया था। बेबी टाइगर प्रिमियम खारी का नमूना जांच में मिथ्याछाप पाये जाने के कारण प्रभारी विक्रेता मोहन पिता कान्हा बर्फा एवं प्रोप्रायटर महेश पिता हिराचन्द्र के विरुद्ध न्यायनिर्णायक अधिकारी के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में सुनवाई के दौरान आरोपीयो के द्वारा आरोप स्वीकार करने पर न्यायनिर्णायक अधिकारी श्री के. एल. मीणा ने दोनो आरोपी पर 3-3 हजार रुपये के अर्थदंड की शास्ती अधिरोपित की गई।

इसी प्रकार गत दिनों में लिये गये नमूनों में से माया श्री डेयरी एंड एव्हरफेश 164 राजेन्द्र नगर धार से लिये गये नमूने मिश्रित दूध एवं दही अवमानक पाये गय है, मेसर्स दुध उत्पादन सहकारी संस्था मर्यादित सादलपुर से लिया गया मिश्रित दुध का नमूना अवमानक पाया गया है। मैसर्स जय श्री कृष्णा ग्राम लाबरिया तहसील सरदारपुर से लिया गया नमूना अवमानक पाया गया है। इसके अतिरिक्त मैसर्स नारायण डयरी धरमपुरी से नारायण डेयरी से पाश्चुरीकृत फूल कम किल्क के 500 एम. एल. पैक का नमूना लिया गया था। जिस पर बेंच नम्बर अंकित नहीं होने के कारण मिथ्या छाप पाया गया है। लक्की ऐजेंसी कुक्षी से लिया गया नमूना मयूर स्पेशल पिनट चिक्की के लेवल पर शुद्ध वजन एवं एमआरपी नहीं होने के कारण मिथ्या छाप पाया गया तथा सुपर टावर गुलकन्द रोज जैम के लेबल पर एस्पाइरी डेट नहीं होने के कारण मिथ्याछाप पाया गया है।

## रावण सत्संग सनातन सेवा भगवान चमत्कारेश्वर महादेव को अति प्रिय पंडित मोहित रामजी

सीहोर। सावन का महीना भगवान शंकर का सत्संग सनातन की सेवा संस्कृति की रक्षा हर मानव के जीवन का एक लक्ष्य होना चाहिए और उसी लक्ष्य पर केंद्रित होकर वहां कार्य करता है ऐसे ही हर सनातनी का लक्ष्य धर्म राष्ट्र की रक्षा करना है यह शरीर शंकर का दिया हुआ शिव का दिया हुआ है परमात्मा के लिए हाड मास के शरीर में जब तक एक भी सांस है सनातन धर्म और राष्ट्र की सेवा करते रहेंगे सिद्धपुर की पावन नगरी में चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वधान में चल रही सप्त दिवसीय सावन शिव महापुराण कथा में कथा व्यास परम गौ भक्त संत श्री पंडित मोहितरामजी पाठक ने कहे, इस कलिकाल में संपूर्ण जीव किसी ना किसी दुख पीड़ा संकट से ग्रस्त हैं कोई तन से दुखी कोई मन से दुखी कोई धनविन रहे उदास मानव योनि में व्यक्ति नाना प्रकार के दुखों को भोग रहा है किंतु जो भगवान शिव की शरण में शिव कथा की शरण में आ जा जाता है उसे शिव की प्राप्ति होती है आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा जो एक बार शिव की शरण में आ जाता है वहां शिवकृपा को प्राप्त कर लेता है एक बिल पत्र एक लोटा जल श्रद्धा के साथ एक फूल भी शिव को अर्पण करते भगवान भोलेनाथ सभी भक्तों को अपने हृदय से लगा लेते और अपनी शरण ग्रहण कराकर शिव धाम की प्राप्ति कराते हैं।

## अग्रवाल नवयुवक मंडल की कार्यकारिणी घोषित

छतरपुर,। अग्रवाल नवयुवक मंडल के निर्वाचित अध्यक्ष शिवम् अग्रवाल शानू ने वरिष्ठजनों की सहमति से बुधवार को महालक्ष्मी मंदिर में अपनी कार्यकारिणी घोषित कर दी। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों के साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया भी उपस्थित थीं। कार्यकारिणी गठित होने के बाद पहली बैठक हुई जिसमें सभी ने अपना परिचय दिया और समाज की सेवा का संकल्प लिया। कार्यकारिणी में कार्यवाहक अध्यक्ष आनंद अग्रवाल गोलू और शुभम अग्रवाल गड्डू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, शिवम् अग्रवाल छोटू, कुणाल अग्रवाल तन्नू, सानिध्य अग्रवाल अभी, लकी अग्रवाल रवि होटल, उपाध्यक्ष सत्यम अग्रवाल बारदाना, संकेत अग्रवाल डारगुआ, आकाश मोदी, संस्कार अग्रवाल संसू, सुमित अग्रवाल सुंदरम को बनाया गया है। महामंत्री की जिम्मेदारी साकेत चौधरी, साकेत गुड़ वाले, अंकित अग्रवाल गैस एजेंसी, चंचल अग्रवाल परबा, प्रथम अग्रवाल नानू और अखिलेश अग्रवाल गंज वाले को सौंपी गई है।

कार्यसमिति सदस्यों के रूप में गौरव अग्रवाल छन्नूलाल, शिवम् अग्रवाल मोंटी, तरुण अग्रवाल ट्रेवल्स, सजल अग्रवाल रिकांडो, हर्ष चौधरी, सारांश अग्रवाल डारगुआ, राम अग्रवाल परबा, शिवम अग्रवाल, विवेक अग्रवाल गोपाल, जतिन अग्रवाल, सोहन अग्रवाल, सीए ऐश्वर्य अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल हीरापुर वाले, अनुज अग्रवाल छोटू, गौरव अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, श्रेष्ठ अग्रवाल कान्हा, राहुल अग्रवाल हीरापुर, शिवम अग्रवाल अग्रोहा,अंकुर अग्रवाल गठेवरा और शिवम अग्रवाल को शामिल किया गया है। अग्रवाल समाज के जिला अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, महिला मंडल अध्यक्ष सोनम अग्रवाल, विनोद अग्रवाल जेएस, सचिन अग्रवाल (शुभ भारत), रोहित अग्रवाल, शुभम अग्रवाल शंकु, अंकित अग्रवाल (गठेवरा वाले) और सीए सागर अग्रवाल संरक्षक की भूमिका में रहेंगे।



## सीधी की घटना ने आदिवासियों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर सरकार की कलई खोली

### कांग्रेस पार्टी ने आदिवासी समुदाय को जल, जंगल और जमीन के अधिकार व सम्मान के अवसर देने का काम किया, कमज़ोर वर्ग को सम्बल और साहस देने के लिए कांग्रेस ने निकाली आदिवासी स्वाभिमान यात्रा

सागर/ आदिवासी व कमज़ोर तबकों पर अपराधिक अत्याचारों के खिलाफ जिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष रेखा चौधरी के नेतृत्व में आदिवासी स्वाभिमान यात्रा निकाल इन वर्गो को सम्बल और साहस देने का काम किया गया।

नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बम्होरी रेंगवा में जिला कांग्रेस प्रवक्ता लक्ष्मीनारायण सोनकिया द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ आनंद अहिरवार, वरिष्ठ नेता अशोक श्रीवास्तव, पूर्व विधायक सुनील जैन, रमाकांत यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ आनंद अहिरवार, प्रदेश कांग्रेस की पूर्व सचिव व पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा चौधरी आदि ने भगवान बिरसा मुंडा व संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात रेखा चौधरी के नेतृत्व में नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बमोरी रैगवा से आदिवासी सम्मान रैली की शुरुआत हुई जो फोर लाइन स्थित लहदरा नाका पर समापन होकर सभा के रूप में परिवर्तित हुई।

यहां उपस्थित आदिवासी समुदाय व क्षेत्रीय जनसमूह को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ आनंद अहिरवार ने रेखा चौधरी की प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से आदिवासी दलितों कमजोर वर्गों गरीबों और किसानों की पार्टी रही है। उनके साथ होने वाले किसी भी अन्याय को सहा नहीं जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस की पूर्व सचिव व पूर्व जिलाध्यक्ष रेखा चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में आदिवासी वर्ग पर अपराधिक अत्याचार हो रहे हैं। सीधी में आदिवासी युवक के सिर, मुंह और शरीर पर भाजपा नेता द्वारा पेशाब करने की घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस शर्मनाक घटना ने आदिवासियों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर भाजपा और सरकार की कलई खोल दी है। लेकिन कांग्रेस पार्टी इनके सम्मान व सुरक्षा के लिए हमेशा से ही खड़ी रहती आई है और इन वर्गों की सुरक्षा और सम्मान की हर लड़ाई को आगे भी लड़ेगी।

वरिष्ठ नेता अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा के पाप का घड़ा अब भर चुका है जिसे हम सबको मिलकर फोड़ने का काम करना है। पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि सिर्फ आदिवासी और दलित वर्ग ही नहीं बल्कि अल्पसंख्यक और जैन वर्ग पर भी लगातार हमले हो रहे हैं। पूछता है सागर कार्यक्रम के संयोजक रमाकांत यादव ने सरकार से सवाल किया कि आदिवासी और अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के साथ हो रही घटनाओं में भाजपा के मंत्री नेताओं और कार्यकर्ताओं की ही नाम क्यों आ रहे हैं।



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता श्री राहुल गांधी जी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माननीय श्री कमलनाथ जी समेत पूरी पार्टी आदिवासी, कमज़ोर व गरीब वर्गों पर हो रहे हमलों को लेकर बेहद गंभीर है। कांग्रेस ने कानून बनाकर आदिवासी समुदाय को जल,जंगल और जमीन के अधिकार व सम्मान के अवसर देने का काम किया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामसिंह आदिवासी गोरेलाल अहिरवार भगवानदास रज्जू आदिवासी दुर्गा मेंबर इमरत आदिवासी सीताराम पटेल रंजन पाराशर राजकुमार चढ़ार छोटेलाल राहुल कुशवाहा राधे कुशवाहा गोरेलाल अहिरवार भगवान दास सेन हरिराम शोर उदय कुशवाहा सीताराम बमोरी गोपाल प्रजापति हीरालाल चौधरी रवि सोनी सुल्तान कुरेशी नीलेश यादव अनिल पवार प्रकाश अहिरवार लक्ष्मीबाई आदिवासी प्रेम भाई त्रिवेणी बाई इंद्रानी बाई ममता बंसल शिवरानी माया धानक जनक रानी मुन्नी बंसल राजरानी रेखा बंसल अनीता जय भाई गुलाबबाई मीराबाई त्रिवेणी सुहाग रानी लक्ष्मीबाई आशा रानी सदा रानी बंसल शिवरानी आदिवासी माया रानी भूरी बाई टीकाराम आदिवासी गोपालपुरी फूल सिंह आदिवासी रामसेवक बंसल मोनू कोरी दामोदर कोरी मुन्नी चढ़ार कुसुम रानी जनक रानी आदिवासी सरोज धानक प्रमोद धानक ममता बंसल उदय चढ़ार रामप्यारी चढ़ा गुलाब बाई बंसल राजकुमार चढ़ार त्रिवेणी बंसल कुंजीलाल चढ़ार एडवोकेट वीरेंद्र राजे हीरालाल चौधरी लीलाधर सूर्यवंशी पूर्व पार्षद भईयन पटेल पियूष अवस्थी आदिल राइन कमलेश चौधरी आदि उपस्थित थे।

# पैन एशियन फूड फेस्टिवल का आयोजन कल से



भोपाल। एशियाई फूड के शौकीनों के लिए कोर्टयार्ड बाय मैरियट 14 से 23 जुलाई तक पैन एशियन फूड फेस्टिवल आयोजित करेगा। यह फूड फेस्टिवल फूड लवर्स को भोपाल मे रहते हुए चीनी, जापानी, थाई, कोरियाई, वियतनामी, भारतीय और अन्य एशियाई देशों के लजीज व्यंजनों को चखने और वहाँ के फूड कल्चर को जानने व समझने का मौका प्रदान करेगा। इसे होटल के मल्टी कुजीन रैस्टोरेंट मोमो केफे में प्रतिदिन शाम 7.30 से रात 11 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय शेफ अगम को इस फूड फेस्टिवल के लिए बतौर गेस्ट शेफ आमंत्रित किया गया है। वे अपनी टीम की मदद से फूड लवर्स के समक्ष टेस्टी डिशेस का जादू बिखेरेंगे।कोर्टयार्ड बाय मैरियट, भोपाल के महाप्रबंधक राकेश उपाध्याय ने कहा, पैन एशियन फूड फेस्टिवल के माध्यम से हमें एशिया के स्वादों को भोपाल में लाते हुए खुशी हो रही है। हम मानते हैं कि भोजनलोगों और संस्कृतियों को जोड़ने का एक शक्तिशाली तरीका है, और यह फेस्टिवल एशिया की विविध और जीवंत पाक परंपराओं का जश्न मनाने के लिए एक शानदार मंच साबित होगा। हम शेफ अगम और उनकी टीम को अपने अतिथि शेफ के रूप में पाकर रोमांचित हैं। होटल के एक्सिकिटिव शेफ अमोल पाटिल ने कहा, उत्सव के दौरान, मेहमानों को पैन एशियाई व्यंजनों की पेशकश वाले फूड स्टालों पर विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। उरी माकी और निगरी से लेकर टेपान्याकी और पैन एशियन करी तक फेस्टिवल में शाकाहारी व्यंजनों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की जाएगी जो निश्चित रूप से अपने स्वाद से मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर देगी। सैटीज़, डिमसम और स्टिर फ्राइज़ कुछ प्रमुख शाकाहारी व्यंजन हैं जिन्हें परोसा जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि मुंह में पानी ला देने वाली डिशेस के अलावा, फेस्टिवल में प्रतिष्ठित शेफ अगम और उनकी टीम द्वारा फूड वर्कशाप और मास्टरक्लास भी आयोजित की जाएंगी।

Estd.: 942/1962
CIN : U91110MP1962GAP000942

**BHOPAL CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRIES**
A-15,Sehgal Tower, Housing Board Colony, Koh-e-Fiza Main Road, Bhopal-462 001
Email: bplbcci@gmail.com | Off.: 0755-4057398 | Website : www.bhopalchamber.in

President Tejkulpal Singh Pali M.: 9425007000 | General Secretary Aditya Jain Manya M.: 9826430536 | Treasurer Krishna Kumar Bangard M.: 9425014470

Estd.: 942/1962
CIN : U91110MP1962GAP000942
BHOPAL CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRIES
A-15,Sehgal Tower, Housing Board Colony, Koh-e-Fiza Main Road, Bhopal-462 001
Email: bplbcci@gmail.com | Off.: 0755-4057398 | Website : www.bhopalchamber.in
President Tejkulpal Singh Pali M.: 9425007000 | General Secretary Aditya Jain Manya M.: 9826430536 | Treasurer Krishna Kumar Bangard M.: 9425014470

हाल ही में समाचार पत्र एवं हमारे भोपाल चेंबर के कुछ सदस्यों द्वारा यह जानकारी दी गई कि नगर निगम, भोपाल अभी भी नये नियम, 2023 के अनुसार ही कमर्शियल लाइसेन्स शुल्क वसूल रहा हैं। उक्त सम्बंध में आज दिनाँक 12.07.2023 को इस सम्बंध में भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज नगर निगम आयुक्त और भोपाल महापौर को पत्र प्रेषित किया गया है। जिसमें कहा गया कि नगर निगम भोपाल के समान्य प्रशासन विभाग के स्थाई आदेश क्र. 10/2017 के तहत ही कमर्शियल लाइसेन्स शुल्क लिया जाए। धन्यवाद

अध्यक्ष, तेजकुलपाल सिंह पाली, भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज

नगर निगम आयुक्त,
भोपाल, मध्यप्रदेश

**विषय : संपत्ति कर और कमर्शियल लाइसेंस शुल्क पर माननीय जबलपुर उच्च न्यायालय के फैसले का अनुपालन करने का अनुरोध।**

महोदय,

माननीय जबलपुर उच्च न्यायालय के 3 जुलाई, 2023 को हालिया फैसले के बावजूद भोपाल नगर निगम (बीएमसी) द्वारा कमर्शियल लाइसेंस शुल्क से संबंधित एक मामला आपके ध्यान में लाने के लिए लिख रहा हूं। वर्तमान में व्यापारियों की लगातार आ रही शिकायतों को ध्यान रखते हुए, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया इन बातों पर ध्यान दें -

माननीय उच्च न्यायालय के फैसले के अनुसार, कमर्शियल लाइसेंस शुल्क को नगर निगम, भोपाल सामान्य प्रशासन विभाग का स्थाई आदेश क्र 10/2017 में उल्लिखित दिशानिर्देशों के अनुसार लिया जाना चाहिए।

हमारे संज्ञान में आया है कि नगर निगम अभी भी कमर्शियल लाइसेंस शुल्क वर्ष 2023 के नियमानुसार लिया जा रहा है जबकि माननीय जबलपुर उच्च न्यायालय के 3 जुलाई, 2023 के फैसले के अनुसार, कमर्शियल लाइसेंस शुल्क को नगर निगम, भोपाल सामान्य प्रशासन विभाग का **स्थाई आदेश क्र 10/2017** में उल्लिखित दिशानिर्देशों के अनुसार लिया जाना चाहिए।

साथ ही संपत्ति कर के मामले में महापौर कार्यालय द्वारा दिनांक 28.06.2023 को एक आदेश ज़ारी किया गया था जिसके अनुसार कमर्शियल लाइसेंस शुल्क और संपत्ति कर को अलग अलग भी जमा किया जा सकता है।

किन्तु नगर निगम, भोपाल द्वारा कमर्शियल लाइसेंस शुल्क और संपत्ति कर एक साथ पूर्ववत ही वसूला जा रहा है जो की माननीय उच्च न्यायालय एवं महापौर कार्यालय, भोपाल के आदेशो की अवहेलना है।

भोपाल चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज आपसे अनुरोध करता है कि आप तत्काल कार्रवाई करें कि नगर निगम, भोपाल माननीय जबलपुर उच्च न्यायालय के 3 जुलाई, 2023 का फैसला और माननीय महापौर श्रीमती मालती राय जी के आदेश दिनांक 28.06.2023 का अनुपालन सुनिश्चित हो। जिसमे कमर्शियल लाइसेंस शुल्क को वर्ष 2017 के आदेश के अनुरूप और सम्पति कर को कमर्शियल लाइसेंस शुल्क के साथ जमा करने के लिए बाध्य न किया जाए।

इस विषय पर अपना अमूल्य समय और ध्यान देने के लिए धन्यवाद।

सादर,

संलग्न - जबलपुर उच्च न्यायालय का आदेश

अध्यक्ष
तेजकुलपाल सिंह पाली
भोपाल चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज

महापौर, भोपाल, मध्यप्रदेश

**विषय : संपत्ति कर और कमर्शियल लाइसेंस शुल्क पर माननीय जबलपुर उच्च न्यायालय के फैसले का अनुपालन करने का अनुरोध।**

महोदय,

माननीय जबलपुर उच्च न्यायालय के 3 जुलाई, 2023 को हालिया फैसले के बावजूद भोपाल नगर निगम (बीएमसी) द्वारा कमर्शियल लाइसेंस शुल्क से संबंधित एक मामला आपके ध्यान में लाने के लिए लिख रहा हूं। वर्तमान में व्यापारियों की लगातार आ रही शिकायतों को ध्यान रखते हुए, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया इन बातों पर ध्यान दें -

माननीय उच्च न्यायालय के फैसले के अनुसार, कमर्शियल लाइसेंस शुल्क को नगर निगम, भोपाल सामान्य प्रशासन विभाग का स्थाई आदेश क्र 10/2017 में उल्लिखित दिशानिर्देशों के अनुसार लिया जाना चाहिए।

हमारे संज्ञान में आया है कि नगर निगम अभी भी कमर्शियल लाइसेंस शुल्क वर्ष 2023 के नियमानुसार लिया जा रहा है जबकि माननीय जबलपुर उच्च न्यायालय के 3 जुलाई, 2023 के फैसले के अनुसार, कमर्शियल लाइसेंस शुल्क को नगर निगम, भोपाल सामान्य प्रशासन विभाग का **स्थाई आदेश क्र 10/2017** में उल्लिखित दिशानिर्देशों के अनुसार लिया जाना चाहिए।

साथ ही संपत्ति कर के मामले में महापौर कार्यालय द्वारा दिनांक 28.06.2023 को एक आदेश जारी किया गया था जिसके अनुसार कमर्शियल लाइसेंस शुल्क और संपत्ति कर को अलग अलग भी जमा किया जा सकता है।

किन्तु नगर निगम, भोपाल द्वारा कमर्शियल लाइसेंस शुल्क और संपत्ति कर एक साथ पूर्ववत ही वसूला जा रहा है जो की माननीय उच्च न्यायालय एवं महापौर कार्यालय, भोपाल के आदेशो की अवहेलना है।

भोपाल चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज आपसे अनुरोध करता है कि आप तत्काल कार्रवाई करें कि नगर निगम, भोपाल माननीय जबलपुर उच्च न्यायालय के 3 जुलाई, 2023 का फैसला और माननीय महापौर श्रीमती मालती राय जी के आदेश दिनांक 28.06.2023 का अनुपालन सुनिश्चित हो। जिसमे कमर्शियल लाइसेंस शुल्क को वर्ष 2017 के आदेश के अनुरूप और सम्पति कर को कमर्शियल लाइसेंस शुल्क के साथ जमा करने के लिए बाध्य न किया जाए।

इस विषय पर अपना अमूल्य समय और ध्यान देने के लिए धन्यवाद।

सादर,

संलग्न : जबलपुर उच्च न्यायालय का आदेश

तेजकुलपाल सिंह पाली
भोपाल चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज



भोपाल। मुख्यमंत्री ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में जामुन, खिरनी और केसिया के पौधे रोपे। महेश सोलंकी बेजोड़ लक्ष्मीनारायण सोलंकी ,जसवंत रामगोपाल लश्करी अशोक एवं संत गाडगे परिवार के लोगो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## अमेज़ॅन मिनी टीवी ने जारी किया हिप हॉप इंडिया का प्रोमो

मुंबई, एजेंसी। अमेज़ॅन मिनी टीवी अमेज़ॅन की एक मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा है। अमेज़ॅन मिनी टीवी दर्शकों के लिए एक नया डांस रियलिटी शो हिप हॉप इंडिया लेकर आनेवाला है, और इस शो को लेकर काफी उत्सुकता बनी हुई है। प्रसिद्ध कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा और कातिल अदाओंवाली, खुबसूरत डांसर नोरा फतेही इस शो मी पहली बार निर्णायक के रूप में एक साथ दिखाई देंगे। इसी के चलते दर्शक भी इस शो का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और इस बात को लेकर काफी उत्सुकता है, कि देश के सबसे बड़े हिप हॉप रियलिटी शो का विजेता कौन बनेगा।

# कुलदेवी प्लाजा, छिंदवाड़ा में पहला आउटलेट; अशिमत ऑटोमोटिव्स प्राइवेट लिमिटेड के

### एथर के अब मध्य प्रदेश में 3 रिटेल आउटलेट और 2 एथर ग्रिड पॉइंट हैं

छिंदवाड़ा, एजेंसी। भारत की प्रमुख इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता कम्पनी एथर एनर्जी ने परासिया रोड, कुल देवी प्लाजा, छिंदवाड़ा में अपने एक्सपीरियंस सेंटर, एथर स्पेस का उद्घाटन किया। यह एथर का मध्य प्रदेश में तीसरा और देश में 128वीं एक्सपीरियंस सेंटर है। एथर स्पेस, एथर 450एक्स के साथ, भारत के सबसे तेज़ और स्मार्ट स्कूटरों में से एक, एथर 450एक्स प्रो की बिक्री करेगा।

एथर स्पेस में डिस्प्ले के लिए एक युनिट को खोल कर रखा हुआ है, जिससे वाहन के विभिन्न हिस्सों को गहराई से देखा जा सकता है और ख़रीदारों को एथर के वाहनों को समझने में आसानी होती है। छिंदवाड़ा ग्राहकों के पास अब एथर एनर्जी के एक्सपीरियंस सेंटर में एथर 450एक्स का टेस्ट ड्राइव और उसके बारे में ज़्यादा जानकारी हासिल करने के अवसर हैं। सेंटर पर जाने से पहले एथर एनर्जी वेबसाइट पर टेस्ट राइड स्लॉट भी आरक्षित किए जा सकते हैं।

इस अवसर पर एथर एनर्जी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी श्री रवनीत सिंह फोकेला ने कहा, मध्य प्रदेश में हमारा तीसरा एक्सपीरियंस सेंटर राज्य से मिल रही अच्छी प्रतिक्रिया का परिणाम। प्रीमियम इलेक्ट्रिक वाहनों की बाजार में हमें अपने स्कूटरों को मिले ज़बरदस्त रिस्पांस और बढ़ती मांग से मध्य प्रदेश में अपनी रीटेल बिक्री को बढ़ाने की प्रेरणा मिली। नया एक्सपीरियंस सेंटर हमें इस मांग को पूरा करने का अवसर देगा और एथर स्कूटर को उपभोक्ताओं के लिए अधिक सुलभ बनाएगा। आने वाले महीनों में, हम राज्य भर में अपनी कंपनी का विस्तार करना जारी रखेंगे। छिंदवाड़ा में हमारे सबसे ज़्यादा बिकने वाले 450एक्स प्रो, 450एक्स और नए लॉन्च किए गए 450स स्कूटर के कारण हमारे ग्राहकों के पास अब चुनाव के लिये ज़्यादा ऑप्शन होंगे। अशिमत ऑटोमोटिव्स प्राइवेट लिमिटेड के श्री शोभित मिगलानी कहते हैं, परासिया रोड पर हमारे नए एथर स्पेस में शानदार एथर 450एक्स के आगमन की घोषणा करते हुए हमें बहुत गर्व हो रहा है। एथर एनर्जी के साथ हमारी शानदार साझेदारी से प्रेरित हम एथर 450एक्स के ग्राहकों का जोशोख़रोश के साथ स्वागत करने के लिए तैयार हैं। एथर का छिंदवाड़ा ऑटो कम्युनिटी में एक बड़ा सम्मानित नाम है। शुरुआती बिक्री को देखते हुए आने वाले महीनों में हम एथर की डिलीवरी में ज़बरदस्त बढ़ोतरी की उम्मीद करते हैं।

## Dear Members,




We are glad to inform you that Government of India has launched a World Bank supported Scheme called "Raising and Accelerating MSME Performance (RAMP)", which supports the overall Covid Resilience and Recovery Programme of MoMSME and aims at improving market access, access to credit, strengthening institutions and governance at the Centre and State, improving Centre-State linkages and partnerships, addressing issues of delayed payments, and greening of MSMEs. In accordance with the same, MP Laghu Udyog Nigam Ltd. has been appointed as a nodal agency for implementation of RAMP scheme in state of Madhya Pradesh. One of the important components under RAMP scheme is preparation of Strategic Investment Plan (SIP) which will act as blue print for the MSME transformation in state. As part of SIP preparation, we intend to undertake stakeholder's consultation to understand the challenges faced by MSMEs in various areas.The consultations cater to below areas:• Identification of key constraints and gaps in interventions in priority sectors• Suggest specific interventions addressing these challenges.A Stakeholder Workshop is being organised in Bhopal on 14th July, 2023 at MPT Palash Residency from 01.30 PM.I am writing to request you to kindly block your diary to join us in this workshop. We look forward to receiving your confirmation and welcoming you to the event.Regards, Kailash ManekarGeneral ManagerDistrict Trade and Industries Centre,Bhopal (M.P.)

## कमिंस इंडिया लिमिटेड ने सीपीसीबीआईवी+ कंप्लेंट पॉवर सलूशन लॉन्च किया

**पुणे, एजेंसी।** बिजली समाधान के अग्रणी प्रौद्योगिकी प्रदाताओं में से एक, कमिंस इंडिया लिमिटेड (कमिंस) ने अपने जेनसेट इंजनों की सीपीसीबीआईवी+ उत्सर्जन मानक सलूशनस रेंज के लॉन्च की घोषणा की। सीपीसीबीआईवी+ सलूशनजेनसेट इंजन को कमिंस के प्रबंध निदेशक श्री अश्वथ राम द्वारा लॉन्च किया गया था; सुश्री अंजलि पांडे, मुख्य परिचालन अधिकारी, भारत में कमिंस ग्रुप; सुश्री श्वेता आर्य, बिजनेस हेड, पावर सिस्टम्स, कमिंस; और जेनसेट ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स (जीओइएमस) ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और वरिष्ठ कमिंस अधिकारियों सहित प्रमुख हितधारकों की उपस्थिति में। इस लॉन्च के साथ, कमिंस और उसके जीओइएमसभागीदार 800 चक्ष्ड्ढ तक जेनसेट की पूरी श्रृंखला पेश करने के लिए तैयार हैं जो पूरी तरह से नवीनतम सीपीसीबीआईवी+ उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप हैं। नई उत्पाद श्रृंखला में कड़े उत्सर्जन मानदंडों का पालन सुनिश्चित करते हुए ईंधन दक्षता और भार उठाने की क्षमता में सुधार करने के लिए उन्नत उपचार-पश्चात प्रणालियों और इंजीनियरिंग विशेषज्ञता को शामिल किया गया है। ये उन्नत जेनसेट इंजन अत्यधिक परिस्थितियों में भी ग्रिड से जेनसेट पावर तक विश्वसनीय और निर्बाध संक्रमण क्षमता की सुविधा प्रदान करते हैं। इंजन इनोवेटिव रिमोट मॉनिटरिंग और उन्नत इंजन नियंत्रण क्षमताओं से भी लैस हैं, जो उपयोगकर्ताओं को कहीं से भी वास्तविक समय में महत्वपूर्ण इंजन प्रदर्शन मेट्रिक्स और मापदंडों की निगरानी करने के लिए सशक्त बनाते हैं। लॉन्च आयोजन में बोलते हुए,कमिंस के प्रबंध निदेशक, श्री अश्वथ राम ने कहा,कमिंस अपने ग्राहक-केंद्रित उत्पाद नवाचारों के लिए जाना जाता है जो आर्थिक विकास और पर्यावरणीय प्रबंधन को प्राथमिकता देते हैं।

## नए चेहरों को अपनी कला दिखाने का मौका देता है चनाजोर

**मुंबई, एजेंसी।** अभी हाल ही में एक नया ओटीटी प्लेटफॉर्म लॉन्च हुआ है चनाजोर जो एक बेजोड़ कॉमेडी एक्सपीरियंस प्रदान कर रहा है। चनाजोरके सभी शोज में आपको नए चेहरे ही देखने को मिलेंगे। ये फ्रेशकलाकार हैं जो अभी तक किसी बड़े पर्दे पर या डिजिटल स्क्रीनपर नहीं गए हैं या ज्यादा फेमस नहीं हुए हैं, पर एक्टिंग की इनकेअंदर कोई कमी नहीं है और ये किसी को भी अपने निराले अंदाज़से गुदगुदाने का पूरा दम रखते हैं। चनाजोर पर एक शो है भूतिया और इसके कलाकार हैं प्रतीकशुक्ला, देव जोशी और कृपा मिश्रा। ये तीनों ही गुजराती थिएटरआर्टिस्ट्स हैं पर इस शो के संवाद और एक्टिंग ऐसी है कि आपहँसते हँसते लोटपोट हो जाएंगे। ठीक इसी प्रकार से नहीं आजनहीं में संजीत धूरी, निहारिका शर्मा और भावेश प्रजापति ने काफीअच्छा काम किया है। हम निकम्मा बनाते हैं वेब सीरीज जो किकानपुर के काकादेव में शूट हुई है वह होस्टल में रह रहे उन लड़कोंकी कहानी बताती है जिन्होंने अपने जीवन से सारी उम्मीदें छोड़ दीहै और बस अपना समय व्यतीत कर रहे हैं। फिर उनकी जिंदगी मेंएक घटना घटित होती है जिससे उन्हें सबक मिलता है और वहसही जिंदगी की और अग्रसर होते हैं। इस सीरीज में टेलीविजन केउभरते हुए कलाकार हरवीर सिंह, आशुतोष सेमवाल, अलीशाप्रवीण, रूचि त्रिपाठी, राकेश श्रीवास्तव, संजय चौधरी और प्रतीकसिंह ने काफी अच्छा काम किया है।

## एसओटीसी ट्रैवल ने अपनी वेबसाइट को तीन क्षेत्रीय भाषाओं में लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** एसओटीसी ट्रैवल विभिन्न चैनलों के माध्यम से ट्रैवल एवं टूरिज्म सेवाओं को प्रस्तावित करने वाली अग्रणी कंपनी है, जिसने क्षेत्रीय भारत, यानी कि भारत के बहुत अधिक संभावना वाले बाजारों को ध्यान में रखते हुए एक नई पहल की शुरुआत की है। कंपनी ने देश के अलग-अलग भाषा वाले क्षेत्रों में डिजिटल तकनीक की समझ रखने वाले लोगों की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से तीन क्षेत्रीय भाषाओं - हिंदी, गुजराती और तमिल में अपनी वेबसाइट लॉन्च की है। कंपनी ने ग्राहकों को उनकी पसंद की भाषा में अपने सभी प्रोडक्ट्स और सेवाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाए हैं, जिससे कंपनी को क्षेत्रीय स्तर पर लोगों से जुड़ाव में काफी मदद मिलेगी। कंपनी द्वारा हाल ही में जारी की गई 'इंडिया हॉलिडे रिपोर्टङ्क मई 2023' से यह पता चलता है कि, भारत के टियर 2-3 श्रेणी के बाज़ारों के 60त्न ग्राहक ट्रैवल करना चाहते हैं।

## वरिष्ठ पत्रकार और प्रख्यात समाजसेवी कैलाशवासी की स्मृति में ग्वालियर में हुआ स्मृति कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह



वरिष्ठ पत्रकार रमन अग्रवाल पत्रकारिता के साथ सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित थे। वे एक समाजसेवी एवं पत्रकारिता के साथ लोगो के साथ निभाने , सहयोगी एवं पारिवारिक सदस्य के रूप में याद किए जाएंगे। ये विचार बुधवार 12 जुलाई के रमन अग्रवाल सेवा समिति संस्थान द्वारा उनकी स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने रखे। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार डॉ सुरेश सम्राट जी का सम्मान किया गया । इस कार्यक्रम में सेवानिवृत आईएएस ऑफिसर बी एम शर्मा , प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष अशोक सिंह , रविन्द्र मालव , केशव पांडे एवं मध्यप्रदेश चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट अमर सिंह माहौर जी ने किया। इस कार्यक्रम में पधारे गणमान्य नागरिकों काआभार कैलाशवासी रमन अग्रवाल जी की पत्नी सुषमा अग्रवाल , पुत्र अनुभव एवं अंकित के अलावा समिति सदस्य राहुल जैन , गगन जाधव , अंश अनिल गुप्ता , सौरव गुप्ता , सुशील चौरसिया , मोनू जैन, जितेंद्र यादव , संदीप कंदोई , रवि गरुड़ , सूरज राजपूत ने आभार प्रकट किया।

# पेज 1 का शेष

## राजनीतिक दलों के लिए चंदे का मुख्य स्रोत चुनावी बॉन्ड हैं: एडीआर रिपोर्ट

जहां तक क्षेत्रीय दलों का सवाल है, बीजू जनता दल के कुल डोनेशन का 89.81 प्रतिशत से अधिक चुनावी बॉन्ड से आया, जिसकी कीमत 622 करोड़ रुपये है, जबकि द्रविड़ मुनेत्र कड़गम ने 431.50 करोड़ रुपये (कुल का 90.70 प्रतिशत) के बॉन्ड से मिले. इसके बाद तेलंगाना राष्ट्र समिति ने 383.6529 करोड़ रुपये (80.45 प्रतिशत) की घोषणा की और वाईएसआरसीपी ने 330.44 करोड़ रुपये (72.43 प्रतिशत) की घोषणा की।

चुनावी बॉन्ड से सबसे अधिक 3,438.8237 करोड़ रुपये का दान 2019-20 में प्राप्त हुआ, जो आम चुनाव का वर्ष था, इसके बाद 2021-22 में 2,664.2725 करोड़ रुपये प्राप्त हुआ जब 11 राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए थे। सात राष्ट्रीय पार्टियों द्वारा घोषित प्रत्यक्ष कॉरपोरेट चंदा छह साल की अवधि के दौरान 31 क्षेत्रीय पार्टियों द्वारा घोषित कॉरपोरेट चंदे से पांच गुना से भी अधिक है।

छह साल की अवधि में क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित प्रत्यक्ष कॉरपोरेट चंदे में लगभग 152 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

**चुनावी बॉन्ड को लेकर क्यों है विवाद-** चुनाव नियमों के मुताबिक, यदि कोई व्यक्ति या संस्थान 2,000 रुपये या इससे अधिक का चंदा किसी पार्टी को देता है तो राजनीतिक दल को दानकर्ता के बारे में पूरी जानकारी देनी पड़ती है।

हालांकि चुनावी बॉन्ड ने इस बाधा को समाप्त कर दिया है. अब कोई भी एक हजार से लेकर एक करोड़ रुपये तक के चुनावी बॉन्ड के जरिये पार्टियों को चंदा दे सकता है और उसकी पहचान बिल्कुल गोपनीय रहेगी। इस माध्यम से चंदा लेने पर राजनीतिक दलों को सिर्फ ये बताना होता है कि चुनावी बॉन्ड के जरिये उन्हें कितना चंदा प्राप्त हुआ. इसलिए चुनावी बॉन्ड को पारदर्शिता के लिए एक बहुत बड़ा खतरा माना जा रहा है।

इस योजना के आने के बाद से बड़े राजनीतिक दलों को अन्य माध्यमों (जैसे चेक इत्यादि) से मिलने वाले चंदे में गिरावट आई है और चुनावी बॉन्ड के जरिये मिल रहे चंदे में बढ़ोतरी हो रही है। चुनावी बॉन्ड योजना को लागू करने के लिए मोदी सरकार ने साल 2017 में विभिन्न कानूनों में संशोधन किया था. चुनाव सुधार की दिशा में काम कर रहे गैर सरकारी संगठन एसोशिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स इन्हीं संशोधनों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

याचिका में कहा गया है कि इन संशोधनों की वजह से विदेशी कंपनियों से असीमित राजनीतिक चंदे के दरवाजे खुल गए हैं और बड़े पैमाने पर चुनावी भ्रष्टाचार को वैधता प्राप्त हो गई है. साथ ही इस तरह के राजनीतिक चंदे में पूरी तरह अपारदर्शिता है।

साल 2019 में चुनावी बॉन्ड के संबंध में कई सारे खुलासे हुए थे, जिसमें ये पता चला था कि आरबीआई, चुनाव आयोग, कानून मंत्रालय, आरबीआई गवर्नर, मुख्य चुनाव आयुक्त और कई राजनीतिक दलों ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर इस योजना पर आपत्ति जताई थी। हालांकि वित्त मंत्रालय ने इन सभी आपत्तियों को खारिज करते हुए चुनावी बॉन्ड योजना को पारित किया।

आरबीआई ने कहा था कि चुनावी बॉन्ड और आरबीआई अधिनियम में संशोधन करने से एक गलत परंपरा शुरू हो जाएगी. इससे मनी लॉन्ड्रिंग को प्रोत्साहन मिलेगा और केंद्रीय बैंकिंग कानून के मूलभूत सिद्धांतों पर ही खतरा उत्पन्न हो जाएगा।

वहीं चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर कहा था कि चुनावी बॉन्ड से पार्टियों को मिलने वाला चंद पारदर्शिता के लिए खतरनाक है। इसके अलावा आरटीआई के तहत प्राप्त किए गए दस्तावेजों से पता चलता है कि जब चुनावी बॉन्ड योजना का ड्राफ्ट तैयार किया गया था तो उसमें राजनीति दलों एवं आम जनता के साथ विचार-विमर्श का प्रावधान रखा गया था. हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक के बाद इसे हटा दिया गया।

इसके अलावा चुनावी बॉन्ड योजना का ड्राफ्ट बनने से पहले ही भाजपा को इसके बारे में जानकारी थी, बल्कि मोदी के सामने प्रस्तुति देने से चार दिन पहले ही भाजपा महासचिव भूपेंद्र यादव ने तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली (अब दिवंगत) को पत्र लिखकर चुनावी बॉन्ड योजना पर उनकी पार्टी के सुझावों के बारे में बताया था।

# प्राकृतिक चिकित्सा शिविर गोल गंज के वीतराग भवन में होगा 2 दिवसीय आयोजन

छिंदवाड़ा - सुखी रहे सब जीव जगत के इस पवित्र भावना के साथ श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मण्डल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा दो दिवसीय निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन आज गुरुवार से अहिंसा स्थली गोल गंज के कोआपरेटिव बैंक के सामने वीतराग भवन में किया जा रहा है। फेडरेशन सचिव दीपकराज जैन ने बताया कि शिविर का शुभारंभ प्रातः 8.30 बजे होगा जिसमें श्री वर्धमान प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान अमायन के निर्देशक वरिष्ठ प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. सुरेशचंद्रजी जैन अपनी कुशल सेवाएं देंगे। शिविर के दौरान नेचरोपैथी एवं जैनोपैथी की विशेष कक्षा भी चिकित्सकों द्वारा ली जावेगी अतः सभी लाभार्थी कापी पेन लेकर पधारें। अशोक वैभव एवं वर्धमान जैन ने बताया कि यह दो दिवसीय शिविर 13 एवं 14 जुलाई को रखा गया है जो कि पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। जिसका लाभ नगर वासियों सहित सकल जैन समाज प्रातः 08.30 से 10.30 बजे तक, दोपहर 2 से 4 बजे तक एवं रात्रि में 8 से 9.30 तक सभी गणमान्य नागरिक ले सकते हैं।

# नवनिर्वाचित पार्षद का हुआ शपथ ग्रहण



छिंदवाड़ा। नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के वार्ड क्रमांक 42 में पार्षद राजेश भोयर की मृत्यु उपरांत रिक्त हुई सीट पर उपचुनाव में निर्वाचित हुए संदीप चौहान का शपथ ग्रहण बुधवार को निगम सभाकक्ष में हुआ। नव निर्वाचित पार्षद संदीप चौहान को छिंदवाड़ा जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा शपथ दिलाई गई।

# नारी शक्ति सम्मान से किया गया वंदना को पत्र देकर सम्मानित



परासिया। स्वर्ण सागर भोपाल पत्रिका द्वारा नारी शक्ति सम्मान समारोह, 9 जुलाई दिन रविवार को मयूर होटल भोपाल में आयोजित किया गया द्य जिसमें छिंदवाड़ा जिले की परासिया निवासी श्रीमति वंदना मनोज सोनी को परासिया तहसील सहित छिंदवाड़ा जिले में उत्कृष्ट कार्य हेतु ,स्वर्णकार समाज की विशेष समाज सेविका एवं नारी शक्ति के रूप में स्वर्ण सागर भोपाल पत्रिका द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया ।इस सम्मान समारोह में विशेष रुप से श्रीमति स्वाति विजय सोनी , युवा समाजसेवी भोपाल ,श्रीमती नीलम सोनी राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष, श्रीमति प्रीति सोनी प्रांतीय महिला अध्यक्ष, श्रीमति रेखा सोनी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं श्रीमति शैलबाला सुनरया प्रांतीय संगठन अध्यक्ष उपस्थित रही । स्वर्णकार समाज परासिया एवं चांदामेटा सभी शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित की ।

# विवाह नहीं होने वाली महिलाओं को भी मिले लाड़ली बहना का लाभ

छिंदवाड़ा। प्रदेश में लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत शिवराज सरकार द्वारा पात्र महिलाओं को 1 हजार रूपए की राशि प्रतिमाह दी जा रही है योजना के तहत महिलाओं को सीधे बैंक खाते में राशी पहुंच रही है। लेकिन लाड़ली बहना योजना को लेकर ऐसी महिलाएं जिनके पति नहीं हैं और उन्हें विधवा पेंशन भी नहीं मिल रही है उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है वहीं जिन महिलाओं का विवाह नहीं हुआ है और वे 21 वर्ष से अधिक हैं वे भी लाड़ली बहना योजना से वंचित है इन महिलाओं का कहना है कि उन्हें भी लाड़ली बहना योजना का लाभ मिलना चाहिए। शिवराज सरकार द्वारा इस योजना के तहत 25 जुलाई से फिर से ऑनलाईन फार्म भरवाए जा रहे हैं। बताया जाता है कि कुछ नियमों में शिथिलता के साथ भरे जाएंगे जिससे जो महिलाएं पात्र नहीं हैं उन्हें भी इस योजना का लाभ मिल सकता है। इस संबंध में महिला बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमति ज्योति ठाकुर ने बताया कि 25 जुलाई से लाड़ली बहना योजना के पुनः फार्म भरवाए जाने के अभी निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं जैसे निर्देश मिलेगा जानकारी प्रदान की जाएगी।

# जिला जेल में साध्वी प्रतिमा बहन का सत्संग

छिंदवाड़ा। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की मंशानुसार जेल में बंद बंदियों के अध्यात्मिक उत्थान हेतु प्रतिमाह सत्संग का आयोजन होता है इसी कड़ी में आशाराम बापू की शिष्या साध्वी प्रतिमा बहन ने बंदियों से कहा कि आप सब इस जगह हो जेल न समझे यह एक तपस्या स्थली है अपना मन ईश्वर में लगाएं परिस्थितियां हमेशा एक जैसी नहीं रहती सुख दुख जीवन का हिस्सा है जब बहुत अधिक दुख आए तो भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण का जीवन चित्रण का अध्ययन करना चाहिए दैनिक दिनचर्या से समय निकालकर अच्छे सत्साहित्यों का पठन कर जीवन में उतारना चाहिए। समीति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई ने जिला जेल अधीक्षक यजुवेन्द्र बाघमारे और उप जेल अधीक्षक ज्ञानशू भारतीय का आभार व्यक्त किया।

### पटवारी परीक्षा में हुई धांधली को लेकर, एन.एस.यू. आई. ने विरोध प्रदर्शन कर ,मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

# राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर सीबीआई जांच कराने की मांग





छिंदवाड़ा - विगत् दिनों मध्यप्रदेश में आयोजित पटवारी परीक्षा में हुई धांधली की नष्पक्ष जांच कराये जाने को लेकर जिला एन.एस.यू.आई. छिंदवाड़ा द्वारा जिलाध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आज बस स्टेण्ड मान सरोबर के सामने एन.एसू.यू.आई. कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के खिलाफ नारेवाजी कर पुतला दहन किया एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर इस घोटाले की सी.बी.आई. जांच की मांग की है । एन. एन.यू.आई. जिलाध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रदेश में आज बेरोजगारी चरम पर है और पूरे देश में मध्यप्रदेश बेरोजगारी में नंबर वन पर है, और शिक्षा के क्षेत्र में इतना बड़ा घोटाला व्यापम की तर्ज पर सामने आया है, और शिक्षित बेरोजगार युवाओं के साथ भाजपा की सरकार इस तरह का खिलवाड़ कर रही है, इससे स्पष्ट है कि शिवराज सरकार छात्र एवं युवा विरोधी है जिसे हमारे प्रदेश के युवा आगामी विधानसभा चुनावों में सबक सिखायेंगे । प्रदेश शासन द्वारा आयोजित पटवारी प्रतियोगी परीक्षा की टॉप टेन लिस्ट में एक ही एन.आर.आई. कालेज ग्वालियर जिसमें एक्जॉम सेन्टर के 7 छात्र टॉप आये हैं । इस परीक्षा में 9000 चयनित अभ्यर्थियों में से लगभग 1000 हजार चयनित अभ्यर्थियों का सेन्टर एन. आर. आई. कालेज ग्वालियर था । अधिकांशतः टॉपर आये छात्रों के हस्ताक्षर हिन्दी में हैं जबकि अंग्रेजी में शत-प्रतिशत अंक मिले हैं । एन.एस.यू.आई. ने मांग की है कि इस पटवारी परीक्षा में हुये घोटाले की शीघ्र ही सी.बी.आई. जांच की सिफारिश नहीं की जाती है तो एन.एस.यू.आई. जिले के सभी छात्र-छात्रायें सड़क पर प्रदेश में बैठी छात्र विरोधी सरकार का विरोध प्रदर्शन करेंगे । इस अवसर पर एन.एस.यू.आई. जिलाध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर, नितिन डेहरिया, इमरान अली, समर्थ मैद, नावेद खान, परसराम ठाकुर, तनुल शर्मा, सोहन यदुवंशी, राहुल नाना, सत्येन्द्र अहरवार, अंसार मंसूरी, अंशुल शर्मा, मिन्टू प्रजापति, सूरज बिहारे, अंकित डेहरिया, भूपेन्द्र पटेल, रवीन्द्र अहरवार, हर्ष सक्सेना, नूर खान, अर्पित तिवारी, अनुराग जम्होरे, बंटी पटेल, जैनुल खान, फारूख पठान, युवराज बैस, तरूण कसार, श्लोक सोनी, आयुष पटेल, स्वयं ताम्रकार, साहिल गुप्ता, मयंक माहोरे सहित सैंकड़ों एन.एस.यू.आई. पदाधिकारी एवं छात्र उपस्थित थे ।

# हिन्दुस्तान पॉवर से जुड़े जिले के युवाओं को प्रदान किये नियुक्ति पत्र

### कमलनाथ व नकुलनाथ के प्रयत्नों से रोजगार से जुड़ रहे युवा



छिन्दवाड़ाः- देश व प्रदेश के युवाओं के समक्ष आज सबसे बड़ी चुनौती रोजगार प्राप्त करने की है। उच्च शिक्षा हासिल करने के उपरांत युवा खाली हाथ भटक रहा है। मप्र में शासकीय पदों पर निकाली जा रही भर्तियों में आये दिन घपले और घोटालों के मामले सामने आ रहे हैं तो वहीं निजी क्षेत्र में भी युवाओं के लिये कोई अवसर नहीं है। किन्तु पूर्व सीएम श्री कमलनाथ व सांसद श्री नकुलनाथ की वजह से छिन्दवाड़ा जिला इस समस्या से कोसो दूर है। युवाओं को यहां निरंतर कार्य व्यवसाय हेतु अवसर उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। चयनित हुये युवा विजय गावंडेए हेमंत वरडेए नितेलश पंडितए कुलदीप बजोलियाए शेख इमरान मंसूरी व अमन वर्मा ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के उपरांत श्री कमलनाथ व श्री नकुलनाथ का हृदय सेआभार माना है।

# शान दिखाने तलवार से काटा केक.. सोहेल के साथ हो गया खेल..अब जाना पड़ेगा जेल

### 25 आर्म्स एक्ट में सोहेल चटाई पर एक और मामला दर्ज



,छिंदवाड़ा। अपनीं झूठी शान दिखाकर तलवार से केक काटना एक आदतन अपराधी को महंगा पड़ गया। कोतवाली पुलिस ने एक्शन लेते हुए युवक को हिरासत में लेकर 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली थाना प्रभारी सुमेर सिंह जगेत के अनुसार कुछ दिन पहले सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हुआ था। उक्त वीडियो में आरोपित लालबाग निवासी सोहेल चटाई अपना जन्मदिन का केक तलवार से काटते हुए दिखाई दे रहा था। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होते ही तत्काल पुलिस ने संज्ञान लिया और तभी से सोहेल चटाई की तलाश शुरू कर दी थी।आज सोहेल चटाई को पुलिस ने हिरासत में लेकर उसके कब्जे से एक लोहे की तलवार जप्त की गई। पुलिस ने बताया की यह वही तलवार थी जिससे आरोपित ने अपने जन्मदिन पर केक काटा गया था। पुलिस को आरोपित के खिलाफ ओर भी अन्य मामले मिले हैं जबकि सोहेल चटाई कोतवाली का निगरानी शुदा गुंडा बदमाश है इसके विरूद्ध मारपीट एवं अवैध राशि वसूली के कई मामले पंजीबद्ध हैं। उपरोक्त कार्रवाई में एसआई राजेश शर्मा प्रधान आरक्षक करण पांडे एवं आरक्षक रामकुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**कोतवाली थाना प्रभारी की अपील..** इस घटना के बाद थाना कोतवाली पुलिस ने एक अपील की है जिसमे सुमेर सिंह जगेत ने कहा है की किसी भी प्रकार के दिखावे में ना जाएं कोई ऐसा काम ना करें जो अपराध की श्रेणी में आता हो, अपने परिवार जनों के साथ सम्मान पूर्वक अपने घर अथवा उचित स्थान पर जन्मदिन मनाएं।

# सौंसर व पांढुर्ना में कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

### -समय के साथ राजनीति में भी हो रहा नवाचार




छिन्दवाड़ाः- आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रदेश स्तरीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत छिन्दवाड़ा जिले के चौरई, अमरवाड़ा, जामई, परासिया व छिन्दवाड़ा के उपरांत आज पांढुर्ना व सौंसर में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में प्रशिक्षकों के द्वारा कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बदलाव व नवाचार से अवगत कराया साथ ही सभी को अपडेट रहने की सलाह दी।

प्रशिक्षण शिविर के प्रारंभ में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे के द्वारा सर्वप्रथम आगंतुक प्रशिक्षकों का परिचय उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को दिया साथ ही प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्यों से अवगत कराया। उन्होंने अपने उदबोधन में प्रशिक्षण शिविरों में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति पर हर्ष व्यक्त करते हुये कहा कि आप सभी की एकजुटता और उपस्थिति से ही संगठन मजबूती के साथ खड़ा है। प्रशिक्षकों ने सम्बोधित करते हुये कहा कि पूर्व सीएम श्री कमलनाथ जी चाहते हैं कि पार्टी से जुड़े सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपडेट रहे। हालांकि इस मामले में छिन्दवाड़ा कांग्रेस संगठन के पदाधिकारि सक्रिय है, उन्होंने आगे कहा कि आज श्री कमलनाथ जी के छिन्दवाड़ा मॉडल की पूरे प्रदेश में चर्चा हो रही है, इसकी सबसे बड़ी वजह यहां के लोगों की सोच में अंतर है। प्रशिक्षकों ने आगे कहा कि समय के साथ राजनीति में भी नवाचार हो रहा है इसे समझने की आवश्यकता है। श्री कमलनाथ हमेशा कहते हैं कि अपडेट रहें ताकि समय के साथ चलते हुये कार्य कर सकें। राजनीति भी अब पहले की तरह नहीं रही है, अनेकों बदलाव आ चुके हैं जिन्हें समझने की नितांत आवश्यकता है। जिस तरह मोबाइल फोन आज के दौर में अपने आपको अपडेट करते हैं ठीक उसी तरह हमें भी राजनीति में सक्रिय रहते हैं हर चीज को समझना होगा। प्रशिक्षण शिविर में भोपाल से डॉ. संजय काम्बले, ललित सेन, विदिशा से अजय दानतरै व लोकेश साहू रायपुर द्वारा कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। आयोजित शिविर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण सहित पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### बाजार वसूली ठेका हुआ निरस्तं

# मुख्यमंत्री की घोषणा पर परिषद ने किया प्रस्ताव पास निगमायुक्त ने तत्काल प्रभाव से लगाई वसूली पर रोक




छिंदवाड़ा। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 29 मई को हाथ ठेला , फेरी वाले एवं पथ पर विक्रताओ की महापंचायत में नगरीय क्षेत्रों में प्रतिदिन वसूली बंद करने की घोषणा की गई थी। इसके पालन में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा की दिनांक 12 जुलाई 2023 को नगर निगम सभाकक्ष में नगर निगम अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनू मागो की अध्यक्षता में परिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक का प्रारंभ राष्ट्रगान के गायन के साथ हुआ। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के बाद उपसचिव , मध्यप्रदेश शासन, नगरीय आवास एवं विकास द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में निकाय क्षेत्र अन्तर्गत बाजार बैठकी एवं तहबाजारी हेतु दिए गए ठेके को निरस्त करने एवं प्रतिदिन की वसूली के स्थान पर वार्षिक या अर्द्धवर्षिकी करने का प्रस्ताव पटल पर रखा गया। प्रस्ताव पर विचार के उपरांत वर्तमान बाजार वसूली हेतु किए गए टेंडर को रद्द करने का निर्णय लिया गया इसके साथ ही बाजार बैठकी स्थाई दुकान हेतु वार्षिक राशि 1400 रुपए एवं अर्द्ध वार्षिकी राशि 700 रुपए तय हुई इसके साथ ही अस्थाई हाथ ठेलो हेतु वार्षिक राशि 600 रुपए एवं अर्द्ध वार्षिकी राशि 300 रुपए तय हुई। आगामी दिवस में उक्त निर्णय अनुसार तहबाजारी एवं बाजार बैठकी की राशि निकाय द्वारा ली जाएगी। बैठक का समापन राष्ट्रगीत गायन से किया गया। बैठक में नगर निगम महापौर विक्रम अहके, निगमायुक्त राहुल सिंह, सभापति , पार्षदगण सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आयुक्त ने दिए तत्काल वसूली रोकने के निर्देश

निगम सभाकक्ष में परिषद द्वारा बाजार बैठकी वसूली ठेके को निरस्त करने के निर्णय के तत्काल बाद नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह ने आदेश जारी करते हुए तत्काल प्रभाव से बाजार बैठकी वसूली पर रोक लगा दी। आदेश के बाद ठेकेदार पथ कर विक्रताओ एवं हाथ ठेले वालों से वसूली नही कर पाएंगे।

# केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-एक के विद्यार्थियों के लिए 3 दिवसीय चिकित्सा जांच का प्रथम चरण संपन्न



छिन्दवाड़ा। केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-एक छिंदवाड़ा के प्रथम व व्दितीय पाली के विद्यार्थियों के लिए 3 दिवसीय वार्षिक चिकित्सा जांच का प्रथम चरण संपन्न हुआ जिसमें लगभग 2000 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। चिकित्सा अधिकारियों की टीम ने सामान्य शारीरिक फिटनेस, दृष्टि, श्रवण और दंत स्वच्छता संबंधी पहलुओं का मूल्यांकन किया और विद्यार्थियों को आवश्यक सुझाव दिये ।

केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-एक के प्राचार्य श्री हरिप्रसाद धारकर ने बताया कि विद्यार्थियों का स्वास्थ्य मूल्यांकन करने के लिए साई रेज़ फाउंडेशन द्वारा डॉ.अंशु मौर्या के नेतृत्व में 4 समर्पित चिकित्सा अधिकारियों की एक टीम नियुक्त की गई थी। इन चिकित्सा अधिकारियों ने विद्यार्थियों का चिकित्सा परीक्षण करके उनके स्वास्थ्य और विकास के लिए आवश्यक सलाह प्रदान करके प्रत्येक विद्यार्थी के उत्तम स्वास्थ्य को सुनिश्चित किया । यह कार्यक्रम प्राचार्य श्री धारकर के साथ ही उप प्राचार्य श्री देवेन्द्र तिवारी और सभी शिक्षकों के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ ।

# भाजपा का घटिया इरादा, मेडिकल कॉलेज को किया आधा

### नगर युकां ने शिवराज सिंह चौहान का फूंका पुतला, पुलिस व प्रशासन की तमाम कोशिशें हुई नाकाम

छिन्दवाड़ाः- प्रदेश की भाजपा सरकार पिछले 19 वर्षों से छिन्दवाड़ा जिले के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। भाजपा के शासन काल में जिले को एक भी विकास की सौगात नहीं मिली। पूर्व सीएम श्री कमलनाथ व सांसद श्री नकुलनाथ के द्वारा स्वीकृत किये गये विकास कार्यों पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विराम लगा दिया, योजनाओं को बंद किया या फिर उन योजनाओं का बजट ही आधा कर दिया। छिन्दवाड़ा के साथ ही सिवनी, बालाघाट व बैतूल जिले की जनता को सस्ता व सुलभ स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने की दृष्टि से पूर्व सीएम श्री कमलनाथ व सांसद श्री नकुलनाथ के द्वारा मेडिकल कॉलेज की स्थापना की, किन्तु प्रदेश में भाजपा सरकार की वापसी होते ही भाजपा की कुंडित व विकास विरोधी मानिष्कता सामने आई। उन्होंने मेडिकल कॉलेज का बजट आधा कर दिया। शिवराज सिंह चौहान के इस कृत्य के खिलाफ आज नगर युवक कांग्रेस ने स्थानीय फव्वारा चौक पर उग्र प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के दो पुतले दहन किये।

विदित हो कि वर्ष 2018 में श्री कमलनाथ जी की सरकार बनने पर छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल कॉलेज साइंस में कार्डियक सेंटर एवं सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल स्वीकृत किये गये थे। कांग्रेस सरकार ने इसके लिये रुपये 1455 करोड़ रुपयों की प्रशासकीय स्वीकृति दी थी एवं वर्ष 2019-20 में निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया था। धनबल से भाजपा ने कांग्रेस की सरकार लूटी और सत्ता में आते ही मेडिकल कॉलेज की विभिन्न यूनिटों का काम बंद करा दिया। इतना सबकुछ करने के बाद भी प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के दिल को ठण्डक नहीं मिली तो उन्होंने अक्टूबर 2021 मेडिकल कॉलेज के सम्पूर्ण निमार्ण के लिये स्वीकृत राशि को घटाकर 665 करोड़ कर दिया। कांग्रेस के द्वारा निरंतर विरोध प्रदर्शन किया तो भाजपा ने पुनः बजट 768 करोड़ रुपये कर झूठी वाहवाही लूटी। 1455 करोड़ रुपये के मेडिकल कॉलेज को 768 करोड़ रुपये कर दिया अर्थात छिन्दवाड़ा की जनता को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं को शिवराज सिंह चौहान ने द्विवेष की भावना से आधा कर दिया। भाजपा सरकार के इस कृत्य का खामियाजा छिन्दवाड़ा, बैतूल, सिवनी व बालाघाट जिले की जनता को भुगतना पड़ रहा है। चारों जिले के आमजन को अच्छे इलाज के लिये अब नागपुर या फिर अन्य महानगरों पर निर्भर हो चुके हैं, अगर शिवराज सिंह चौहान ने मेडिकल कॉलेज को पूर्ण आकार लेने दिया होता तो आज यह नौबत नहीं आती। स्थानीय स्तर पर ही गम्भीर व असाध्य बीमारियों का इलाज होता, इससे समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंचता।

### नगर युकां ने फूंका शिवराज का पुतला

मेडिकल कॉलेज का बजट आधा करने के साथ ही कैंसर सहित अन्य यूनिटों को मेडिकल से हटाने का पाप करने का आरोप लगाते हुये आज नगर युवक कांग्रेस ने स्थानीय फव्वारा चौक पर प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया। पुलिस और प्रशासन की उपस्थित में नगर युकां के पदाधिकारियों ने पुलिस के विरोध के बीच भाजपा सरकार और सीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुये पुतला फूंका। इस दौरान पुलिस और नगर युकां के पदाधिकारियों के बीच सीएम के पुतले को लेकर काफी देर तक खींचतान हुई, किन्तु प्रशासनिक अमला पुतला दहन नहीं रोक पाये। छिन्दवाड़ा के साथ किये गये सौतेले व्यवहार के खिलाफ शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन कर अपना विरोध प्रदर्शन व्यक्त किया।



### हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा

नगर युवक कांग्रेस अध्यक्ष टीनू धारू ने चेतावनी दी है कि मेडिकल कॉलेज के रूके हुये कार्य एवं अन्य विभागों के पुनः निर्माण की मंजूरी एक सप्ताह में नहीं मिली तो नगर युकां आमजन के बीच पहुंचकर हस्ताक्षर अभियान चलायेगी साथ ही शिवराज सिंह चौहान के छिन्दवाड़ा आगमन पर नगर युकां पुरजोर विरोध करेगी। आयोजित विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन नगर युवक कांग्रेस अध्यक्ष टीनू धारू एवं अमित राउत के नेतृत्व में शिवराज सिंह चौहान के दो पुतले फूंके। आयोजित पुतला दहन कार्यक्रम में जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष एकलव्य अहाके, कार्यवाहक अध्यक्ष उमेश चौहान, विधानसभा अध्यक्ष पिंचू बैस, रोहित बैस, कार्तिक वानखेड़े, आर्यन, आभास चौरसिया, सुमित दोईफोड़े, युवराज सूर्यवंशी, अनुराग, शुभम शर्मा, सौरभ वर्मा सहित बड़ी संख्या में नगर युकां के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में आम, महुआ और नीम के पौधे रोपे।

# लाडली बहना योजना: अब ट्रैक्टर वाले परिवारों की महिलाओं को भी मिलेगा लाभ

## 21 वर्ष की गई आयु सीमा, 25 जुलाई से फिर भरे जाएंगे आवेदन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने वाले। अभी चुनाव की तारीखों का एलान भी नहीं हुआ है, लेकिन सभी राजनीतिक दल सक्रिय नजर आ रहे है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 10 जुलाई को इंदौर में लाड़ली बहनों के प्रदेश स्तरीय विशाल सम्मेलन में लाड़ली बहना योजना की दूसरी क़िस्त जारी कर दी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि, सप्त क्रांति के माध्यम से प्रदेश में महिलाओं एवं बेटियों के मान-स्वाभिमान को बढ़ाने, जीवन की सुरक्षा, सशक्त बनाने, कल्याण, शिक्षा तथा स्वास्थ्य में मदद देने और आजीविका के साधन तथा अवसर उपलब्ध कराने के कार्य तेजी से किये जा रहे हैं।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आगे कहा कि, महिलाओं एवं बेटियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की पहल की जा रही है। यह एक सामाजिक क्रांति है। इस क्रांति के माध्यम से महिलाओं एवं बेटियों को नया जीवन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में दस तारीख का दिन अब ऐतिहासिक हो गया है। यह दिन बहनों के सम्मान, शान, स्वाभिमान, स्वावलंबन तथा सामाजिक क्रांति का दिन बन गया है। शिवराज सिंह चौहान ने यह भी एलान किया है कि, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में मिल रही राशि को धीरे-धीरे बढ़ाकर तीन हजार रूपये प्रतिमाह तक किया जाएगा। साथ ही महिलाओं को आजीविका मिशन में अवसर उपलब्ध करा कर उनकी आमदनी हर माह दस हजार रूपये तक की जायेगी। ष्टरूने कहा कि लाड़ली बहना योजना में अब वैवाहिक पात्र महिलाओं की न्यूनतम आयु 23 वर्ष के स्थान पर 21 वर्ष की गई है।

साथ ही ट्रेक्टर वाले परिवारों की महिलाओं को भी योजना में शामिल किया गया है। इन पात्र महिलाओं के आवेदन-पत्र जमा करने का सिलसिला 25 जुलाई से प्रारंभ किया जायेगा। आज प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक बहनों के खाते में लाड़ली बहना योजना की दूसरी किस्त सिंगल क्लिक में ट्रांसफर की गई जिसको लेकर इंदौर में आयोजन किया गया था।

# मध्यप्रदेश में शिवराज-सिंधिया पर भारी पड़े नरेंद्र सिंह तोमर

- **अमित शाह की बैठक के बाद किसके हाथों में गई चुनाव की कमान ?**

**भोपाल।** पिछले कुछ दिनों से मध्यप्रदेश में एक पेशाब कांड काफी सुर्खियों में है। इस कांड के बाद सीएम शिवराज सिंह चौहान समेत पूरी सरकार डैमेज कंट्रोल में जुटी। पीड़ित को बुलाया, सीएम ने पैर धोए, चरण वंदना की। शायद ये सोचकर की सरदार खुश होगा शाबाशी देगा, लेकिन पासा उल्टा ही पड़ गया। अचानक मध्यप्रदेश के दौरे पर आए सरदार ने खुशी तो नहीं जताई उल्टे सीख दे डाली कि जो डर गया वो मर गया। अब सरदार यानी अमित शाह को यूं ही राजनीति का चाणक्य नहीं कहते। ऊपर से सबकुछ ठीक जताने की कोशिश कर रही प्रदेश बीजेपी में कितने शोले भड़क रहे हैं ये अमित शाह खूब जानते हैं इन शोलों की वजह से जो दहक रहा है वो है पार्टी का कार्यकर्ता जिसे बीजेपी अपनी सबसे बड़ी ताकत मानती है। जिनकी शिकायतें लगातार आलाकमान तक पहुंच रही थीं, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। अब अमित शाह ने आकर कुछ बातें बिलकुल शीशे की तरह साफ कर दी हैं।

**शाह के दौरे से मध्यप्रदेश में बढ़ी गहमागहमी-** दिल्ली ही नहीं पूरे देशभर के सियासी गलियारों में ये बात मशहूर है कि पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी के थिंक टैंक अमित शाह का कोई कदम कोई फैसला बेमानी नहीं होता। जो भी फैसला या कदम उठाते हैं उसके पीछे कोई ऐसा कारण जरूर होता है जिसके परिणाम दूरगामी होते हैं। ऐसा ही एक फैसला है अचानक भोपाल आना और एक बड़ी बैठक करना। इस दौरे का ऐलान अचानक हुआ और उसके साथ ही प्रदेश बीजेपी में गहमागहमी बढ़ गई। 4 बड़े नेता नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, कैलाश विजयवर्गीय और ज्योतिरादित्य सिंधिया भी बैठक के लिए भोपाल पहुंचे। अमित शाह का यूं अचानक भोपाल आना और चर्चा में शिवराज सिंह चौहान की जगह दूसरे नेताओं को तवज्जो देना। उसके बाद कुछ नेताओं का प्लान अचानक बदल जाना। ये इशारा कर रहा है कि बीते कुछ दिनों से बीजेपी के खस्ताहाल होने की खबरों को अब आलाकमान ने गंभीरता से ले लिया है।

**शाह बोले- बीजेपी में जीत का कॉन्फिडेंस नहीं, डर दिख रहा-** अंदर कमरे में अमित शाह ने बार-बार इस बात पर जोर दिया कि प्रदेश की बीजेपी में जीत का कॉन्फिडेंस नहीं है। डर दिखाई दे रहा है। पहले बैठक में सबके सुझाव सुने और फिर दो टूक कह दिया कि सबको मिलकर चुनाव लड़ना है। समन्वय बनाए रहना जरूरी है। बैठक में कुछ खास नेताओं का नाम उनकी जुबान पर रहा। चंद घंटे चली ये क्लोज डोर मीटिंग खत्म हुई। सारे नेता बाहर निकले वीडी शर्मा के चेहरे की चमक देखने लायक थी, लेकिन गहमागहमी इतने पर ही खत्म नहीं हुई। स्टेट हैंगर पर पहुंचकर शाह ने कुछ देर नरेंद्र सिंह तोमर और विजयवर्गीय से बात की। उसके बाद तोमर यहीं रुक गए सिंधिया अकेले दिल्ली रवाना हुए। उन्हें भी 2 दिन बाद वापस भोपाल आना है।

**मध्यप्रदेश में चुनाव की बागडोर किसने संभाली?**

अमित शाह के एक्शन से ये साफ हो चुका है कि प्रदेश की चुनावी बागडोर उन्होंने संभाल ली है।



विष्णु दत्त शर्मा के चेहरे की चमक से ये अंदाजा भी लगाया जा सकता है कि बदलाव की तलवार शायद हट चुकी है, लेकिन ये भी तय हो चुका है कि इस बार प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान का वन मैन शो नहीं होगा। न ही शिवराज और विष्णु के फैसले फाइनल होंगे। थोड़ी देर की चर्चा में अमित शाह ने कई कन्फ्यूजन तो दूर कर, दिए लेकिन कई नए सवाल भी खड़े कर गए हैं।

**क्या बनी रहेगी शिवराज-वीडी की जोड़ी?**

विधानसभा चुनाव 2023 तक शिवराज-वीडी की जोड़ी बनी रहेगी या नहीं ये आने वाले वक्त में पता चलेगा, लेकिन उनके ऊपर भी एक जोड़ी होगी ये तय है। जो सीधे अमित शाह को रिपोर्ट करेगी। ये जोड़ी है प्रदेश के नए चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव और सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव की। शाह ने सख्त ताकीद दी है कि इन दोनों के साथ समन्वय में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। इसके अलावा भी बैठक में कुछ अहम बातें निकलकर आईं।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बैठक

- संगठन में कमजोरियां दूर करने की सलाह
- हर विधानसभा का फीडबैक है, चुनाव में किसी भी गलती की गुंजाइश नहीं
- प्रदेश को 7 रीजन में बांटा- निमाड़, मालवा, ग्वालियर चम्बल, बुंदेलखंड, विंध्य, महाकौशल
- मोदी सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं पर फोकस
- हर रीजन का एक प्रवक्ता होगा जो बाहर से आएगा
- वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करनी होगी

**क्या शिवराज सिंह चौहान का वन मैन शो खत्म ?**

शाह की बैठक के बाद ये साफ हो गया कि प्रदेश में चल रही आंतरिक गुटबाजी आलकमान की नजरों से छुपी नहीं है उसे जल्द ठीक करना है। अब पार्टी के नेता शाह के निर्देशानुसार चुनावी तैयारियों में जुट चुके हैं। इस बैठक के बाद ये तो साफ हो गया कि यादव और वैष्णव यहां सीधे शाह के आंख और कान बनकर काम करेंगे। बैठक में शाह ने चुनाव से जुड़े कुछ सुझाव मांगे तो शिवराज की सभाओं पर ये नसीहत भी दे डाली कि सभाओं की भीड़ का वोट में तब्दील होना जरूरी नहीं है। क्या ये इस बात का इशारा है कि अब शिवराज सिंह चौहान का वन मैन शो खत्म हो गया है। ऐसे कई सवाल हैं जो इस बैठक के बाद जवाब तलाश रहे हैं। हालांकि हर सवाल के लिए शाह ने कुछ न कुछ इशारा जरूर किया है।

### बैठक के बाद उठे सवाल

**सवाल - क्या शिवराज सिंह चौहान की जन आशीर्वाद यात्रा नहीं होगी ?**
**इशारा** - प्रदेश में होगा विजय संकल्प अभियान। जन आशीर्वाद यात्रा का स्वरूप इसमें जुड़ सकता है।

**सवाल - क्या शिवराज सिंह चौहान का वन मैन शो खत्म ?**
**इशारा** - प्रदेश के हर अंचल का जिम्मा एक दिग्गज संभालेगा। हर अंचल से अलग-अलग दिग्गज यात्रा लेकर निकलेगा।

**सवाल - क्या शिवराज और वीडी का चेहरा बदला जाएगा ?**
**इशारा** - डर दूर करें, कॉन्फिडेंस बढ़ाएं।

**सवाल - क्या टिकट से जुड़ा फैसला शिवराज-वीडी ही करेंगे ?**
**इशारा** - चुनाव प्रभारी यादव और सह प्रभारी वैष्णव ही चुनावी जिम्मेदारी संभालेंगे।

**सवाल - कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने के लिए क्या करेंगे ?**
**इशारा** - नाराजगी दूर करने के निर्देश, हर 15 दिन में खुद आएंगे मध्यप्रदेश।

### बीजेपी आलाकमान का फोकस मध्यप्रदेश पर शिफ्ट

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस कदम से ये भी साफ हो गया कि अब आलाकमान का फोकस मध्यप्रदेश पर शिफ्ट हो चुका है। उम्मीद भी जताई जा रही है कि शाह के यहां आने से बीजेपी में हालात पहले से कुछ तो बेहतर होंगे। सूत्रों के मुताबिक शाह ने यादव और वैष्णव को एक प्रारूप भी दिया है। इस प्रारूप के आधार पर हर सीट की जानकारी इकट्ठी की जाएगी, जिसके आधार पर आगे की रणनीति तय होगी।

### अहम भूमिका में नजर आ सकते हैं नरेंद्र सिंह तोमर

चुनाव नजदीक आते-आते नरेंद्र सिंह तोमर भी प्रदेश में अहम भूमिका में नजर आ सकते हैं। इस बैठक में भी शाह ने तोमर को खासी तवज्जो दी है। इतना ही नहीं वापस दिल्ली लौटने की जगह तोमर भोपाल में ही रुक गए हैं। इससे ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि विजय संकल्प अभियान और वोट शेयर 51 प्रतिशत तक लाने के लिए शाह को शिवराज से ज्यादा तोमर पर भरोसा है। कहीं बातों ही बातों में शाह प्रदेश में बीजेपी के नए चेहरे की तरफ तो इशारा नहीं कर गए। अगर ऐसा है तो संभव है कि चुनाव के बाद शिवराज और सिंधिया की जगह कोई नया चेहरा बीजेपी में दिखाई दे।9



जयप्रकाश चिकित्सालय में अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रही नर्सों ने आज शासन की सद्बुद्धि के लिए हवन किया।



दशहरा मैदान टीटी नगर में महिलाएं शिवलिंग निर्माण कर रही हैं।

# महंगाई से टमाटर हो रहा लाल, नेता कर रहे बयानबाजी

## हितेश वाजपेयी बोले- टमाटर से होती है पथरी, खाना छोड़ दो

**भोपाल।** देश में टमाटर की कीमतों में आग लगी हुई है और आसमान छूते दामों के चलते यह और सुर्ख हो रहा है। आमआदमी को अपनी थाली के व्यंजनों में भी कटौती करनी पड़ रही है, लेकिन बजाय आम व्यक्ति की इस मुसीबत के समय नेता अपने बयानों से उनके जख्मों को कुरेद रहे हैं। ताजा बयान बीजेपी नेता डॉ हितेश वाजपेयी का है, उन्होंने ट्वीट कर लोगों को टमाटर न खाने की सलाह दी है, हवाला दिया है कि टमाटर के बीजों से पथरी होने की संभावना बढ़ती है। कुछ साल पहले प्याज के दाम बढ़ने पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी ऐसा ही कुछ बयान देते हुए कहा था कि वे प्याज नहीं खातीं इसलिए प्याज के बढ़ते दामों से उन्हें फर्क नहीं पड़ता।

**विपक्ष भी कर रहा केवल सियासत-** टमाटर के बढ़ते दामों पर विपक्ष भी केवल और केवल सियासत के सिवा कुछ नहीं कर रहा। कुछ दिन पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बंदूकों की सुरक्षा में सब्जियां खरीदकर प्रदर्शन किया था तो विधानसभा में कांग्रेस विधायक कल्पना वर्मा मिर्च और टमाटर की माला पहनकर पहुंची और विरोध जताया था।



**जानिए सरकार क्या कर रही?-** इधर केंद्र सरकार टमाटर की बढ़ती कीमतों से राहत देने योजना बना रही है। डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स ने नेशनल एग्रीकल्चर को ऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन और नेशनल को ऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन से आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र से टमाटर खरीदने और उन इलाकों में वितरित करने के निर्देश दिए हैं, जहां टमाटर की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। देश के ज्यादातर इलाकों में टमाटर 100 रुपए किलो से ऊपर बिक रहा है। सरकार ने कहा है कि जिन केंद्रों पर टमाटर का ये ताजा स्टॉक जारी किया जाएगा, उनकी पहचान पिछले 1 माह के रिटेल दामों में बढ़त के आधार पर की गई है। इस प्रक्रिया में खपत को भी ध्यान में रखा गया है।

**अभी राहत की कोई उम्मीद नहीं-** देश के कई इलाकों में टमाटर के दाम 160 से 180 रुपए प्रतिकिलो पहुंच चुके हैं। व्यापारियों का कहना है कि अभी टमाटर की कीमतों में कमी की कोई उम्मीद नहीं है। ऐसे में लोगों को बिना टमाटर सब्जी खाने की आदत डाल लेनी चाहिए।

# लोक निर्माण विभाग के स्थाई और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को मिलेगा सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का लाभ

**भोपाल।** लोक निर्माण विभाग मध्यप्रदेश शासन ने आदेश जारी करा है कि प्रदेश के लोक निर्माण विभाग में कार्यरत न्यायालय से आदेश प्राप्त स्थाई कर्मियों दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को सर्वोच्च न्यायालय के राम नरेश रावत बनाम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मामले में पारित आदेश के परिपालन में एरियर सहित वेतनमान का लाभ दिया जाए इस आदेश से प्रदेश के लोक निर्माण विभाग में कार्यरत हजारों स्थाई कर्मियों दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को एरियर सहित न्यूनतम वेतन मान का लाभ होगा।

मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि संगठन लंबे समय से मांग कर रहा था कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 15¬12 2016 राम नरेश रावत बनाम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की याचिका में पारित आदेश के पालन में प्रदेश के स्थाई कर्मियों दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को एरियर सहित दिसंबर 2016 से सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का लाभ देते हुए एरिया सही सातवें वेतनमान का लाभ दिया जाए लेकिन लोक निर्माण विभाग ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का तो पालन कर लिया है लेकिन अभी सिर्फ उच्च न्यायालय से आदेश प्राप्त स्थाई कर्मियों एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को ही स्थाई दिनांक से न्यूनतम वेतन मान एवं दिसंबर 2016 से एरियर का भुगतान करने का आदेश जारी करे है

# भोपाल में एक ही परिवार के चार लोगों ने की खुदकुशी, फंदे पर लटके मिले दंपती के शव

**भोपाल।** शहर के रातीबड़ थाना इलाके में एक परिवार द्वारा सामूहिक खुदकुशी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मरने वालों में पति-पत?नी के अलावा दो बच?चे भी शामिल हैं। घटना शिव विहार कालोनी की है, जहां रहने वाले भूपेंद्र विश्वकर्मा (38) ने अपनी पत्नी रितु (35) और बेटा ऋतुराज(9) व ऋषिराज (3) साथ खुदकुशी कर ली। घर के एक कमरे में दंपती के शव फंदे पर लटके मिले। वहीं बच?चों को जहर देने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस को मौके से 4 पेज का एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें आखिरी में एक स्माइली के साथ सारी फार आल लिखा है।



जिसमें कर्ज से परेशान होने का जिक्र है। फांसी लगाने से पहले दंपती ने सुसाइड नोट को रिश्तेदारों के मोबाइल पर वाट्सएप, टेलीग्राम एप के जरिए भेजा था, जिसमें कर्ज की वजह से जान देने की बात लिखी गई है। फिलहाल पुलिस ने चारों शव कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है।

इस मामले में फोन हैक कर ब्लैकमेलिंग की बात भी सामने आ रही है। पुलिस को मौके से जो सुसाइड नोट मिला है, उसमें घर के बाकी सदस्यों से इस कृत्य के लिए माफी मांगी गई है और लिखा है कि शायद हमारे जाने के बाद सब अच्छा हो जाएगा। साथ ही निवेदन किया गया है कि हमारे जाने के बाद मेरे परिवार वालों को लोन के लिए परेशान न किया जाए। रिश्तेदारों या सहकर्मियों को भी परेशान न किए जाने का जिक्र है।

**मुरैना में पिता ने बेटी और उसके 3 बच्चों को जहर देकर खुद भी खाया, सभी ग्वालियर रेफर-** मुरैना में पिता ने बेटी और उसके तीन बच्चों को जहर देकर खुद भी खा लिया। जिला अस्पताल से सभी को ग्वालियर रेफर किया गया है। तीनों बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मामला सिविल लाइन थानाक्षेत्र के छौंदा गांव का है। एक बच्ची ने बताया कि नाना कुंदन बाथम ने मां, भाई, बहन, मुझे सत्तू में जहर मिलाकर खिला दिया। नाना ने भी जहर खा लिया है। बताया जा रहा है कि कुंदन की दो बेटियां हैं। कुंदन ने एक बेटी राजाबेटी और उसके 8 साल, 6 साल और ढाई साल के बच्चों को सत्तू में मिलाकर जहर दे दिया और खुद भी खा लिया। कुंदन का दामाद उसकी छोटी बेटी को भगा ले गया।

**पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने ट्वीट किया है-** भोपाल में एक दंपति द्वारा आत्महत्या और आत्महत्या से पहले अपने दो बच्चों को जहर देने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवार कर्ज के दलदल में फंसा हुआ था। कर्ज का बोझ पूरे मध्यप्रदेश के लिए जानलेवा संकट बनता जा रहा है। मैं ईश्वर से सभी दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना करता हूं। ईश्वर परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

# रेल से तस्करी करते हुए वह महंगी शराब जप्त

**भोपाल ।** आबकारी विभाग को बुधवार 12 जुलाई 2023 को मुखबिर से सूचना मिली थी अवैध शराब की तस्करी ट्रेन के मध्यम से हो रही है जिसकी एक खेप आज आ रही है। सूचना के आधार पर आबकारी विभाग और आरपीएफ ने संयुक्त कार्यवाही कर शराब जब्त की।राजधानी के शराब तस्कर भी अब नए नए तरीके से तस्करी करने लगे हैं । ऐसा ही एक मामला आबकारी विभाग के द्वारा कल पकड़ा गया है । जिसमें मुखबिर के द्वारा सूचना दी गई की संपर्क क्रांति



एक्सप्रेस ट्रेन से अवैध शराब आ रही है। मुखबिर की सूचना पर आरपीएफ एवं जिला आबकारी भोपाल की संयुक्त टीम द्वारा ट्रेन तिरुपति संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के कोच क्क3 में तलाशी ली गई! तलाशी दौरान आरोपी(1) सुनकारा नरेश ह्य/द्ध नाग थर्मिया उम्र 28 वर्ष निवासी मकान नंबर 7 वेनकरम थाना पल्ली आंध्र प्रदेश से जॉनी वॉकर रेड लेबल व्हिस्की की 63 बोतल अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त की गई! जप्त मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य ?151200 है आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया! प्रकरण आबकारी उपनिरीक्षकअभिलाष पाठक द्वारा दर्ज कर आगामी विवेचना की जा रही है इस संबंध में सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचूरा द्वारा बताया गया कि आगे भी आरपीएफ के साथ संयुक्त रूप से ट्रेन मे अवैध मदिरा के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# समाजवादी नेता और पूर्व सांसद कल्याण जैन का निधन!



**इंदौर।** पूर्व सांसद और समाजवादी नेता कल्याण जैन का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे आपातकाल के बाद बने राजनीतिक मोर्चे जनता पार्टी के समय इंदौर से सांसद चुने गए थे। उन्हें समाजवादी आन्दोलन का प्रणेता माना जाता रहा। वे अपने राजनीतिक जीवन इंदौर से पार्षद, विधायक और सांसद भी रहे। पूर्व सांसद कल्याण जैन 1967 में विधायक और 1962 में पार्षद रहे थे। आज गुरुवार सुबह 89 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया। सुबह 10 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। आज शाम 4 बजे उनका पंचकुइया मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा। इंदौर में ही 13 अगस्त 1934 को जन्मे कल्याण जैन छठी लोकसभा (1977) में सांसद रहे।

# विश्व हिंदू कांग्रेस के संस्थापक स्वामी विज्ञानानन्द भोपाल में

**भोपाल।** विश्व हिंदू कांग्रेस (डब्ल्यूएचएफ) के संस्थापक और वैश्विक अध्यक्ष और विश्व हिंदू कांग्रेस के मुख्य आयोजक स्वामी विज्ञानानन्द भोपाल में पहुंच रहे हैं। वह सैकड़ों प्रतिष्ठित हिंदू कार्यकर्ताओं और संगठनों के लिए एक बौद्धिक गुरु और रणनीतिक मार्गदर्शक हैं, जो एशिया प्रशांत, यूरोपीय, दक्षिण एशियाई, अफ्रीकी और अमेरिकी क्षेत्रों को शामिल करते हुए दुनिया भर में हिंदू सशक्तिकरण और जागरूकता परियोजनाओं का संचालन कर रहे हैं। वह वर्तमान में जे.टी. हैं। विश्व हिंदू परिषद के महासचिव भारत. उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर, भारत से इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की।

इस महत्वपूर्ण अवसर का उद्देश्य वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस 2023 के माध्यम से हिंदू उद्योगपतियों, व्यवसाइयों, शिक्षा क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान



करने वाले दूरदर्शी महानुभाव, हिंदू सांस्कृतिक, भाषाई संगठनों, मंदिरों और आध्यात्मिक संस्थानों के प्रमुख व्यक्तियों के साथ-साथ मीडिया क्षेत्र के प्रमुख व्यक्ति जो समाज में सकारात्मक हिंदू मूल्यों की प्रचार-प्रसार करते रहते हैं । इसका आयोजन आज गुरुवार शाम 5.30 बजे रिंगल सिविक सेंटर अवधपुरी में आयोजित होगा । इस संगठन के मूल उद्देश्य हिंदू कांग्रेस 2023 का परिचय, वर्ल्ड हिन्दू कॉग्रेस 2023 बैंकॉक का आमंत्रण, हिन्दू इकनॉमिक फोरम, हिन्दू एजुकेशन बोर्ड, एसोसिएशन ऑफ हिन्दू अकडेमीसियन्स, वर्ल्ड हिन्दू डेमोक्रेटिक फोरम, हिन्दू मीडिया फोरम, हिन्दू वुमन फोरम, हिन्दू स्टूडेंट्स एण्ड यूथ नेटवर्क प्रमुख है। हिन्दू आर्गेनाईजेशन टेम्पलस एण्ड एसोसिएशन फोरम कार्यक्रम में स्वामी विज्ञानानंद का भाषण होगा, साथ ही वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस और इसके सात मंचों के विषय में प्रस्तुति भी होगी।